दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

करनाल

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227  वर्ष 8  अंक 170  शनिवार 21 जून, 2025  Saturday 21 June , 2025  मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12  मोब :9416406615,7404278000,9215537704





## युवक ने पवित्र काली बेंई में लगाई छलांग, मरने से पहले चाचा के बेटे को किया फोन...

सुल्तानपुर लोधी 20 जून (निस) सुल्तानपुर लोधी से दुर्भाग्यपूर्ण खबर सामने आई है, जहां एक युवक ने काली बेंई में छलांग लगा दी। युवक की पहचान गुरप्रीत सिंह (उम्र 24) पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव फतोवाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, गुरप्रीत सिंह ने पवित्र काली बेंई पर बने गांव माछीजोआ के पास पुल से बेंई नदी में छलांग लगा दी। इससे पहले उसने अपने चाचा के बेटे को भी फोन कर कूदने की सूचना दी ठक युवक ने पुल पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और चप्पल उतारी तथा बाद में काली बेंई में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही सुल्तानपुर लोधी पुलिस मौके पर पहुंच गई। गुरप्रीत सिंह के चाचा के बेटे जर्मन सिंह ने बताया कि गुरप्रीत सुल्तानपुर लोधी में प्राइवेट नौकरी करता था तथा अभी अविवाहित था। सूचना मिलने पर गुरप्रीत की मां व अन्य रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## 3 दिन बंद रहेंगी दुकानें, पहले ही खरीद लें जरूरी सामान

पटियाला 20 जून (निस) 3 दिन दुकानें बंद रहने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, पटियाला के खमाणो कस्बे के दुकानदारों ने गर्मी की छुट्टियों के चलते 3 दिन तक अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुकानदार यूनियन के अध्यक्ष नरेश गर्ग ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के चलते खमाणो कस्बे में रेडीमेड, जूते, कपड़े व हस्तशिल्प से संबंधित सभी दुकानें 27 से 29 जून तक बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि इन 3 दिनों में क्षेत्र के लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए उन्होंने उपरोक्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि ग्राहक पहले से ही खरीद-फरोख्त कर लें।

## पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त Action, 2 तस्करों के घरों पर चला पीला पंजा

फाजिल्का 20 जून (निस) पंजाब के डी.जी.पी. गौरव यादव, हरमनबीर सिंह गिल आई.पी.एस. डिप्टी इंस्पैक्टर जनरल पुलिस, फिरोजपुर रेंज, के दिशा-निर्देशों और गुरमीत सिंह वरिष्ठ पुलिस कप्तान फाजिल्का के नेतृत्व में फाजिल्का पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज फाजिल्का पुलिस द्वारा थाना अरनीवाला के नशा तस्कर जोगिंदर सिंह पुत्र दलीप सिंह उर्फ ??दारा सिंह निवासी अरनीवाला और उसकी पत्नी अमरजीत कौर के घर को गिराया गया है। ये दोनों पति-पत्नी नशा तस्करी का धंधा कर रहे थे और उन्होंने पंचायती जमीन पर अवैध निर्माण भी कर रखा था। आज सिविल प्रशासन द्वारा पुलिस सुरक्षा संबंधी आवेदन मिलने के बाद गुरमीत सिंह एस.एस.पी. फाजिल्का ने मौके पर पहुंचकर इन नशा तस्करों के मकान को गिराने की कार्रवाई पूरी की। नशा तस्कर जोगिंदर सिंह और उसकी पत्नी अमरजीत कौर के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। एसएसपी फाजिल्का ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह के असामाजिक कारोबार में शामिल किसी भी नशा तस्कर का यही हाल होगा। उन्होंने कहा कि सिविल प्रशासन के साथ मिलकर भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले फाजिल्का पुलिस द्वारा 04 नशा तस्करों के घर ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है।

## पंजाबी व्यापारियों में दहशत, हिला कर रख देगा पूरा मामला

मोहाली 20 जून (निस) बड़ी संख्या में पंजाबी कनाडा में बसे हुए हैं। वहीं अब मौजूदा समय में कनाडा में बैठे पंजाबी व्यापारी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कनाडा में व्यापारियों से जबरदस्ती पैसों की मांग की जा रही है। एक गिरोह द्वारा व्यापारियों को फोन किया जा रहा है और उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं। यहां नहीं ऐसा न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इससे कनाडा में पंजाबी व्यापारियों में डर पैदा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, एक बैठक में कनाडा के सरे में रहने वाले पंजाबी समुदाय के व्यापारियों ने भाग लिया, जिसमें सरे के रिफ्लेक्शन बैंक्वेट हॉल में व्यापारियों द्वारा कनाडा की पुलिस और प्रशासन के साथ बैठक के दौरान उक्त संदेश को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। इन व्यापारियों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताई, जिस पर पुलिस ने जवाब दिया कि कार्रवाई की जा रही है।


### सूचना

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
मोब: 9416406615

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

### सूचना

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करें।
कार्यालय: 15-ए, माल रोड़
नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल
मोब: 9416406615

### सदा आपके साथ

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
नोट:मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
E-mail chardikla.hr@gmail.com
Whatsapp: 9896359037,8307425115

### आवश्यक सूचना

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
मोब: 9215537704,7206600325,7206300081



कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक, पब्लिसर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


## ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने जीती सढ़ूरा में ट्रॉफी

लाडवा, 20 जून ( रामगोपाल ) : ग्लोब हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से चल रही ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने सढ़ूरा गाँव में



आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। क्रिकेट कोच विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढ़ूरा कि तरफ से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 3 लीग मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया और सेमी फाइनल मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया जो फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढ़ूरा व ग्लोब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया जिसे ग्लोब क्रिकेट टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। फाइनल मैच में आर्यन ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ़ द मैच खिताब हासिल किया। अंश सैनी ने 70 रन बनाये और अर्णव कम्बोज ने 35 रन बनाये व दो विकेट हासिल किये। जश्न कम्बोज ने मैन ऑफ़ द सीरीज का खिताब हासिल किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने विजेता टीम को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चे के लिए पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ना वर्तमान समय की मांग है इसलिए स्कूल की तरफ से इस तरह की बहुत सुविधाएँ बच्चों को प्रदान की जा रही हैं और ये सभी गतिविधिया एकाग्रता बढ़ाने के लिए अति आवश्यक हैं जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि एकाग्रता सफलता की सर्वोत्तम कुंजी है। विजेता टीम में अंश, जश्न कम्बोज, अर्णव कम्बोज, अविरल, रुद्रवीर शर्मा, जयंतवीर ढाडा, शौर्य शर्मा, आरव, अर्णव ढांडा, ध्रुव, अभिषेक व राघव शामिल रहे।

## अब करनाल में ही मिलेगी एडवांस किडनी केयर की सुविधा, हर महीने लगाएंगे विशेषज्ञ डॉ. सुमन लता ओपीडी

*- हर साल करीब 2 लाख नए किडनी फेलियर के मरीज आ रहे हैं सामने : डॉ सुमन लता*

करनाल, 20 जून ( रविन्द्र मलिक ) : किडनी रोगियों के लिए राहत की खबर अब उन्हें एडवांस और विश्वस्तरीय किडनी केयर के



लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली की वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट व किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. सुमन लता अब हर महीने के तीसरे शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक करनाल के ग्लोबल कैंडल हॉस्पिटल ( डॉ. नितिन बंसल ) में ओपीडी करेंगी। डॉ. सुमन लता, एचओडी नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट, मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने बताया कि क्रोनिक किडनी डिज़ीज़ भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। इसके पीछे मुख्य वजहें हैं अनियंत्रित डायबिटीज और उच्च रक्तचाप। हर साल करीब 2 लाख नए किडनी फेलियर के मरीज सामने आते हैं। ऐसे में यदि समय पर पहचान हो जाए, तो ट्रांसप्लांट जैसी लाइफ सेविंग प्रक्रिया से रोगी सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने हाल ही में करनाल निवासी रजत के सफल ट्रांसप्लांट का उल्लेख किया, जिसमें उनकी माँ ने किडनी डोनेट की और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और पुन: कार्यरत हो चुके हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि समय पर इलाज से जीवन पूरी तरह बदल सकता है। ग्लोबल हॉस्पिटल करनाल के डायरेक्टर डॉ. नितिन बंसल ने कहा कि करनाल और आस-पास के क्षेत्र में जागरूकता की कमी और देर से डायग्नोसिस के चलते मरीज समय पर इलाज से वंचित रह जाते हैं। अब मणिपाल हॉस्पिटल के विशेषज्ञों के साथ मिलकर हम करनाल में ही क्वालिटी किडनी केयर उपलब्ध करा रहे हैं। यह स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ी पहल है। इस ओपीडी का मकसद न सिर्फ एडवांस इलाज देना है, बल्कि किडनी ट्रांसप्लांट जैसे विकल्पों के प्रति जागरूकता फैलाना भी है, ताकि मरीजों को समय रहते सही दिशा और जीवन की नई उम्मीद मिल सके।

## नीलोखेड़ी हलके में नए मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर बैठक

नीलोखेड़ी, 20 जून ( सुरेश मिड्ढा ) : नीलोखेड़ी-19 विधानसभा क्षेत्र में नए मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) अशोक कुमार की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक नीलोखेड़ी में आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल अधिकारी (ना.) ने बताया कि इस समय नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 230 मतदान केंद्र हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर मतदान केंद्रों का विशेष पुनरीक्षण किया जाना है। इसके तहत जिस बूथ पर 12 सौ से अधिक मतदाता हैं वहां नया मतदान केंद्र बनाया जाएगा। नीलोखेड़ी हलके में 12 सौ से अधिक मतदाताओं वाले 47 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम मतदाता सूची-2025 प्रकाशित होने के बाद 37 नए मतदान केंद्र और दस को मतदाता सूचियों में समायोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के अवलोकन के बाद पूरे परिवार की वोट एक ही मतदाता सूची में अंकित की जानी है। यदि किसी राजनैतिक पार्टी के यह संज्ञान में आया हो कि परिवार की वोट अलग-अलग मतदाता सूची में दर्ज हैं तो वे संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करके इसे ठीक करा सकते हैं। उपमंडल अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की त्रुटियों को ठीक करवाने और नए मतदान केंद्रों के अवलोकन के लिए शिकायत/सुझाव लिखित या मौखिक तौर से बताने का भी अनुरोध किया। बैठक में बहुजन समाज पार्टी से शीशण पाल, सोहन वीर और इंडियन नेशनल लोकदल से कवर सिंह बुटाना ने भाग लिया।

# योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्णः उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया

पानीपत, 20 जून (हरप्रीत छत्तवाल) 11वें अर्न्तार्ष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करवाने को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण हैं। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण, पशु पालन एवं डेयरी मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्यअतिथि भाग लेंगे।कार्यक्रम को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के स्लोगन को लेकर आयोजित होने वाले अर्न्तार्ष्ट्रीय योग कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि के अलावा संस्थाओं के सदस्य योग कार्यक्रम में प्रोटोकॉल से जुड़ेंगे। एक हजार के करीब स्कूली बच्चे भी योग प्रक्रियाओं का हिस्सा रहेंगे।आयुष विभाग के जिला कोर्डिनेटर डॉ. संजय राजपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 बजकर 45 मिनट पर मुख्यअतिथि शिवाजी स्टेडियम में शिरकत करेंगे। 6 बजे से 6 बजकर 30 मिनट तक मुख्यमंत्री नायब सिंह का वर्चुअल सम्बोधन रहेगा। 6 बजकर 30 मिनट से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल सम्बोधन रहेगा, 7 बजे से प्रोटोकॉल तक योग रहेगा व उसके पश्चात मुख्यअतिथि का सम्बोधन होगा। राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि अर्न्तार्ष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत इसराना में मेयर कोमल सैनी, समालखा विधानसभा क्षेत्र में विधायक मनमोहर सिंह भड़ाना, मडलौडा खण्ड में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, बापौली खण्ड में नगराधीश टिनू पोशवाल और सनौली खुर्द में जिला परिषद चेयरमैन काजल देशवाल योग कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

# पाश्चात्य संस्कृति के कारण हमारे खान-पान में जंक-फूड के प्रचलन के कारण हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता जा रहा है : सुनीता खन्ना

बाबैन, 20 जून ( राजेश कुमार ) : भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता खन्ना ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी और सब को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य धरोहर है यह मन-मस्तिष्क और आत्मा को शुद्ध करती है। यह शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करने का एक उत्तम तरीका है। यदि जीवन में स्वस्थ रहना है, तो हमें योग को अपनाना ही होगा। योग दिवस से संबंधित जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रतिवर्ष 21 जून को योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया। और सर्वप्रथम 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जैसा कि



हम सभी जानते हैं कि प्रदूषण युक्त वातावरण में हर पल नई से नई बीमारियां हमारा इंतजार करती रहती हैं। आज के परिवेश में अत्यधिक पाश्चात्य संस्कृति के कारण हमारे खान-पान में जंक-फूड के प्रचलन के कारण हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता जा रहा है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण हमारी दिनचर्या भी बड़ी अव्यवस्थित होने के कारण हमें अपने लिए समय ही नहीं मिलता इसके अतिरिक्त प्रदूषित वातावरण के कारण हवा तक विषैली हो गई है परिणाम स्वरूप ब्लड-प्रेशर, अस्थमा, मोटापा और मधुमेह आदि रोगों ने अधिकतर सभी को अपनी चपेट में ले लिया है। यदि हमें स्वस्थ रहना है तो हमें अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना पड़ेगा ताकि हमारा तन मन स्वस्थ रह सके और हम एक नए प्रगतिशील समाज का निर्माण कर देश को उन्नति की राह पर चलाएं। उन्होंने कहा कि जिस देश के नागरिक स्वस्थ होते हैं वही देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ता है। योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में कई प्रकार के योग करवाए गए। सभी अध्यापक गणों ने इसमें बहुत पर चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने योग से संबंधित बहुत ही प्रेरणादायक योग स्लोगनों जो योग को अपनाएगा, जीवन को स्वस्थ बनाएगा। करो योग रहो निरोग के द्वारा दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित किया।

# सुल्तान सिंह एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल डायरेक्टर नियुक्त

## - नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं पवन शर्मा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के विख्यात उद्यमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुल्तान सिंह को फाउंडेशन का नैशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने सुल्तान सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने ओर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुल्तान सिंह ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और राष्ट्रीय टीम का विस्तार करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सुल्तान सिंह एक वरिष्ठ समाजसेवी है जोकि काफी समय से समाजहित कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन



फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण,स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जाती हैं एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देश भर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन यूके द्वारा सम्मानित किया गया है । उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए संपूर्ण भारतवर्ष में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। फाउंडेशन द्वारा लाखों लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जा चुकी है जिसको लेकर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# मुख्य सफाई निरीक्षक ने नालों का निरीक्षण कर जांची सफाई व्यवस्था

## जहां गंदगी मिली, ठेकेदार को बुलाकर कराई वहां की सफाई

यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) : मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई सुनिश्चित करने को लेकर मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन ने शुक्रवार को वार्ड 17 व 18 के विभिन्न नालों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था जांची। जिन स्थानों पर नाले में गंदगी जमा मिली, ठेकेदार को बुलाकर उसे तुरंत साफ कराया गया। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन वार्ड 18 के पार्षद उज्जवल ठाकुर, सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा व अन्य के साथ शुक्रवार को पहले वार्ड नंबर 18 के फर्कपुर पहुंचे। यहां उन्होंने नालों की सफाई का निरीक्षण किया। कई स्थानों नालों में गाद मिली। मुख्य सफाई निरीक्षक ने संबंधित ठेकेदार को तुरंत नाले की गहराई तक सफाई करने के निर्देश दिए। यहां उन्होंने कई नालों का



जायजा लिया। इसके बाद मुख्य सफाई निरीक्षक ने जोडियो में रादौर रोड स्थित बड़े नाले का निरीक्षण किया। जोड़ियां गुरुद्वारा के समीप नाले में गंदगी मिली। मुख्य सफाई निरीक्षक ने ठेकेदार को तुरंत जेसीबी लगाकर सफाई कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद ठेकेदार ने नाले को साफ किया। इसके बाद वह पार्षद व स्थानीय निवासियों के साथ गुरुद्वारा के नजदीक बने आईपीएस इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन पर पहुंचे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह पंपिंग स्टेशन बंद है। जिसके चलते फर्कपुर, कुलदीप नगर, तारापुरी, ससौली, रामनगर व आसपास के क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। निगम अधिकारियों ने बताया कि बारिश के समय पंपिंग स्टेशन शुरू कर दिया जाता है। इससे निचले इलाकों में भरे पानी की निकासी कर दी जाती है। मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन ने बताया कि निगमायुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर सभी नालों की सफाई तीव्रता से कराई जा रही है। मानसून से पूर्व सभी नाले साफ करा दिए जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे ठोस कचरा नालों में न बहाए। इससे नालों में पानी की निकासी नहीं हो पाती और जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। सभी नागरिक घर व दुकान से निकलने वाला कचरा नालों व खुले में न फेंक कर नगर निगम के वाहन में डाले।

# इजरायल के हमले में मारा गया ईरान का एक और परमाणु वैज्ञानिक, जवाबी हमले तेज किए



यरुशलम, 20 जून (निस): ईरान पर इजरायल के हमले को लेकर एक बड़ा दावा किया गया है। इजरायली मीडिया ने दावा किया गया है कि शुक्रवार (20 जून, 2025) को तेहरान में एक इमारत पर हुए हमले में एक ईरानी परमाणु वैज्ञानिक की मौत हो गई। इस बात की जानकारी सरकारी इजरायली प्रसारक कान और अन्य स्थानीय मीडिया के हवाले से सामने आई है। इजरायली सेना ने इन रिपोर्टों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इजरायल ने मारे 10 साइंटिस्ट-इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। 10वें परमाणु वैज्ञानिक की हत्या अन्य नौ के मारे जाने के तुरंत बाद की गई। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात को इजरायली अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ-साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया भी शामिल था। इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। 10वें परमाणु वैज्ञानिक की हत्या अन्य नौ के मारे जाने के तुरंत बाद की गई। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात को इजरायली अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ-साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया कर दिया गया।

**सोते हुए साइंटिस्टों को इजरायल ने सुलाया मौत की नींद**

सभी परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या उस समय की गई जब वे अपने बिस्तर पर सो रहे थे। साथ ही इजरायल ने दोनों की हत्या एक साथ करने का फैसला लिया ताकि टारगेटेड लोगों को इसकी जानकारी देने का समय ही न मिले।वैज्ञानिकों को विश्वास था कि वे अपने घरों में इस तरह के हमले से सुरक्षित हैं। इससे पहले भी परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या उस समय की गई थी जब वे काम के बाद अपनी कार की ओर जा रहे थे।

**कई सालों से साइंटिस्टों को मारने की प्लानिंग कर रहा था इजरायल**

इजरायल कई सालों से ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों पर नजर रख रहा था और पिछले सप्ताह मारे गए दस वैज्ञानिकों की पिछले साल नवम्बर में हत्या की योजना बनाई गई थी।

# पीएम मोदी ने सीवान में 5900 करोड़ से अधिक की 28 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

## पंजा एवं लालटेन ने बिहार में जंगलराज पैदा किया जिसे जनता आज तक नहीं भूला सकी-पीएम मोदी

सीवान 20 जून (निस) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवान में जल, रेल और बिजली क्षेत्र सहित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के सिवान जिले में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं की शुरुआत की।



**पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी** – प्रधानमंत्री मोदी ने 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नयी वैशाली-देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया और इस मार्ग पर एक नयी ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। इसके अतिरिक्त, मोदी ने उत्तर बिहार में संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के लिए मुजफ्फरपुर और बेतिया के रास्ते पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड% को आगे बढ़ाते हुए मरहोरा संयंत्र में निर्मित अत्याधुनिक लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई। इस लोकोमोटिव को गिनी गणराज्य को निर्यात किया जाना है। यह लोकोमोटिव उच्च-हॉर्सपावर इंजन, उन्नत एसी प्रणोदन प्रणाली, माइक्रोप्रोसेसर-आधारित नियंत्रण प्रणाली एवं एर्गोनोमिक कैब डिजाइन से लैस है और इसमें पुनर्योजी ब्रेक जैसी तकनीक शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त की जारी**

गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नमामि गंगे परियोजना के तहत छह मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) का उद्घाटन किया। उन्होंने बिहार के विभिन्न शहरों में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली जलापूर्ति, स्वच्छता और एसटीपी परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। क्षेत्र में बिजली संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार में 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की आधारशिला रखी। मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, सिवान आदि समेत राज्य के 15 ग्रिड उपकेंद्रों पर बीईएसएस लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक उपकेंद्र में लगाई जाने वाली बैटरी की क्षमता 20 से 80 मेगावाट है। एक अधिकारी ने बताया कि यह प्रणाली वितरण कंपनियों को महंगी दरों पर बिजली खरीदने से बचाएगी क्योंकि पहले से संग्रहीत बिजली को वापस ग्रिड में भेजा जाएगा। मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी(पीएमएवाई-यू) के 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। उन्होंने पीएमएवाई-यू के 6,600 से अधिक तैयार मकानों के गृह प्रवेश समारोह के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इससे पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर लिखा था, ''आज बिहारवासी बेसब्री से कर रहे हैं मोदी जी का इंतजार, वह (मोदी) ऊर्जा से लेकर रेलवे, आवास से लेकर निर्यात तक कई सौगातें ला रहे हैं साथ।%% इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री और कई अधिकारी उपस्थित थे।

**पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया, सीवान रैली में राजद-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सिवान में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए कहा कि मुझे बिहार के लिए और कुछ करना है। मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया। उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।पीएम मोदी ने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में ह्ष्ठ सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। और मैं बिहार वासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी बोलेरो को टक्कर, 9 लोगों की मौत




पुरुलिया 20 जून (निस) :पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में गुरुवार देर रात भीषण सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर स्थित नामशोल इलाके में हुआ, जहां एक बोलेरो और तेज रफ्तार ट्रेलर की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्रायवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की।जानकारी के मुताबिक बोलेरो में सवार सभी 9 लोग पुरुलिया के आदाबना गांव के रहने वाले थे। वे झारखंड के तिलाइटांड़ में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार नामशोल इलाके के पास पहुंची एक ट्रेलर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो पूरी तरह से पिचक गई और मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद सभी 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। पूरे गांव में शोक छाया है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गुजरात, राजस्थान में मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात, लोगों का सुरक्षित स्थानों पर पलायन, दिल्ली, पंजाब में भी अलर्ट जारी

नई दिल्ली 20 जून (निस) देश के कई हिस्से इस वक्त भारी बारिश की चपेट में हैं। पश्चिम बंगाल, गुजरात और राजस्थान से बारिश की भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं, तो कहीं जलनिकासी के अभाव में आम जनजीवन ठप हो गया है। पश्चिम बंगाल- गांवों में फंसे हजारों लोग-पश्चिम मिदनापुर जिले में लगातार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। गरबेटा-1 ब्लॉक की 11 और गरबेटा-2 की 3 ग्राम पंचायतें शिलावती नदी के पानी से पूरी तरह घिरी हुई हैं। चंद्रकोना और घाटाल अनुमंडल के इलाकों में बाढ़ की गंभीर स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की ओर से अब तक सैकड़ों परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है और कई इलाकों में खाद्य सामग्री और मेडिकल सहायता पहुंचाई जा रही है। पलाशिया इलाके में पाथरबेरिया नदी के पास कुछ लोग अब भी फंसे हुए हैं, जिनके लिए बचाव कार्य जारी है। बाढ़ से सड़कों और पुलों को भारी नुकसान हुआ है और संपर्क पूरी तरह टूट गया है। नदी के किनारे की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है।




गुजरात- 23 जिलों में जलप्रलय जैसी स्थिति-गुजरात में बीते तीन दिनों से जारी मूसलधार बारिश ने कई जिलों को प्रभावित किया है। वलसाड जिले के वापी और पारडी तालुका में 7 और 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है। बीते 24 घंटों में गुजरात के 101 तालुकों में बारिश दर्ज की गई है। उमरगाम, खेरगाम, हांसोट और डांग में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रशासन राहत और पुनर्वास के प्रयासों में जुटा है।

**राजस्थान- जयपुर में पहली ही बारिश में ध्वस्त हुआ स्मार्ट सिटी मॉडल**-जयपुर में मानसून की पहली बारिश ने स्मार्ट सिटी दावों की पोल खोल दी। हवा महल, चांदी के टकसाल और आमेर रोड जैसे व्यस्त इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। सड़कें जलमग्न और ट्रैफिक जाम से शहर जूझता रहा। लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाए हैं, खासकर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर खर्च किए गए करोड़ों रुपए के बावजूद जलनिकासी व्यवस्था के फेल होने को लेकर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल यही होता है, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं निकलता।पंजाब में इन दिनों मौसम सामान्य बना हुआ है। क्योंकि सूबे में बीते दो-तीन दिन से बारिश हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। पारा गिरने से लोगों को गर्मी से राहत है। हालांकि उमस लोगों को बेहाल कर रही है। ऐसे में मौसम विभाग ने पंजाब समेत राजधानी चंडीगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने तीन दिन के लिए भारी बरसात की चेतावनी जारी की है।

# गलवान झड़प के बाद पहली बार अगले सप्ताह चीन जाएंगे राजनाथ सिंह

नई दिल्ली 20 जून (निस) : चीन और भारतीय सैनिकों के बीच गलवान में हुई झड़प के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 27 जून तक चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। एससीओ की इस बैठक में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 10 देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपायों और कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनाथ सिंह इस बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जुन और रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं।



अक्टूबर 2024 में हुए भारत-चीन सीमा समझौते के बाद चीनी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह की पहली पहली मुलाकात होगी। उस समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए सैनिकों की वापसी और गश्त की बहाली पर सहमति बनी थी। इसके अलावा, राजनाथ सिंह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के कारण ऐसी कोई वार्ता संभव नहीं है।

# केन्द्र व राज्य सरकार ने गंगा की ऐसी हालत कर दी नहाने योग्य भी नहीं छोड़ा-कांग्रेस

नई दिल्ली 20 जून (निस) कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र और बिहार सरकार ने राज्य में गंगा नदी की हालत ऐसी कर दी है कि उसका पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने योग्य। बिहार में सासाराम सीट से पार्टी सांसद मनोज कुमार ने यह भी कहा कि 'नमामि गंगे योजना के तहत गंगा नदी का पानी शुद्द करने के जो भी वादे किए गए थे, वे 'झूठे निकले। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार ने न तो-बाढ़ नियंत्रण की ओर कदम बढ़ाया और न ही गंगा का पानी पीने योग्य बनाया। यहां तक कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिहार सरकार पर 50 हजार रुपए का जुर्माना तक लगाया। उन्होंने कहा, ''आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में थे। वह भ्रमण का कार्यक्रम बनाकर, भ्रामक घोषणाओं की झड़ी लगाते हैं, लेकिन आज हम एक चौंकाने वाला खुलासा करने जा रहे हैं। कुमार ने दावा किया, ''बिहार में जद (यू) और भाजपा सरकार 'नमामि गंगे% योजना लाई थी, जिसमें उन्होंने वादा किया था कि हम गंगा जी के पानी को शुद्ध करेंगे



और भारत के लोगों को साफ पानी देंगे। लेकिन उन्होंने मां गंगा से झूठे वादे किए। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों के लिए बनाए गए 13 अवजल शोधन संयंत्रों (एसटीपी) में सिर्फ सात काम कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि 'एफसी बैक्टेरिया की मात्रा आधिक होने के कारण एनजीटी ने कहा है कि यह पानी पीने लायक तो छोड़िए, नहाने लायक भी नहीं है उनका कहना था, ''गंगा जी को हम पवित्र मानते हैं। हमारा विश्वास रहा है कि अगर हम इस पानी को पीते हैं तो कई बीमारियां खत्म हो जाती हैं, इसमें नहाने से हमारे पाप धुल जाते हैं। कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार ने गंगा नदी की ऐसी हालत कर दी कि उसका पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने योग्य।

## इजरायल में फंसे बहराइच जिले के 150 मजदूर, परिजन चिंतित

बहराइच 20 जून (निस) ईरान और इजरायल का युद्ध तेज होने के कारण करीब 150 मजदूर कई इजराइल के शहरों में फंसे हैं। इसकारण घर वालों में भी बेचैनी है। इजरायल में फंसे एक श्रमिक ने बताया कि यहां की स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए भारत वापस आना चाहता हूं। हालांकि इस समय फ्लाइट नहीं मिल पा रही हैं, इसके बाद उनके सामने सुरक्षा का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। रघुनाथपुर निवासी संदीप ने बताया कि यहां मिसाइल गिर रही हैं, लेकिन मिसाइल गिरने से पहले हम लोगों को अलर्ट मिलता है और सायरन बजने लगता है। हम लोग बंकरों में छिप जाते हैं। रोज-रोज के इन हालातों से ड्यूटी का भी हर्जा हो रहा है। अब हम लोग घर वापस जाना चाहते हैं। कमोबेश दूसरे श्रमिकों की स्थिति भी वैसी ही है। इजरायल गए मजदूर की पत्नी ने कहा कि मेरे पति एक साल से वहां काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार से मेरी मांग हैं कि उन्हें सुरक्षित वापस घर तक भेजा जाए।

# एनसीबी के सामने पेश हुए मनीष सिसोदिया, सीएम रेखा गुप्ता का केजरीवाल पर प्रहार

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (ष्टक्) के सामने पेश हुए। यह पूछताछ दिल्ली सरकार के स्कूलों में हुए क्लासरूम निर्माण घोटाले को लेकर हो रही है, जिसमें लगभग 2,000 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं का आरोप है। एसीबी की एफआईआर और जांच का दायरा-एसीबी ने इस मामले में 30 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की थी। जांच के अनुसार, दिल्ली सरकार ने 12,000 से अधिक क्लासरूम्स और अर्ध-स्थायी ढांचों के निर्माण में बड़ी वित्तीय अनियमितताएं की हैं। इस केस में मनीष सिसोदिया और आप नेता सत्येंद्र जैन को भी नोटिस भेजा गया था। सत्येंद्र जैन 6 जून को पहले ही पेश हो चुके हैं। सिसोदिया बोले - भाजपा चला रही है राजनीतिक साजिश-पूछताछ से पहले मनीष सिसोदिया ने मीडिया से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे शिक्षा सुधारों से परेशान है और झूठे मामलों में फंसाकर बदनाम करने की कोशिश कर रही है। सिसोदिया का कहना है कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में 'आप' के लगभग हर बड़े नेता की जांच करवाई, लेकिन किसी के खिलाफ सबूत नहीं मिले। सीएम रेखा गुप्ता का तीखा पलटवार-दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिसोदिया की पेशी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'आप' नेताओं को अब अपने कर्मों का फल भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा, अब कोई भाग नहीं सकता।

# अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है, अमित शाह के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

नई दिल्ली 20 जून (निस) :गृह मंत्री अमित शाह के अंग्रेजी को लेकर दिए बयान के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि एक पुल है जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करती है, हालांकि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता कि गरीब इसे सीखें क्योंकि यह उन्हें सवाल पूछने का अधिकार देता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है। एक किताब के विमोचन के दौरान शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई भी भाषा या बोली बोलने में शर्म क्यों महसूस होनी चाहिए, इस सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए वष्ठि आरजेडी सांसद मनोज के झा ने कहा, सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह भाषाओं के बीच बहन जैसा रिश्ता स्थापित करने में मदद करे।



# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद करने के लिए सरकार ने गठित की 4 सदस्यीय कमेटी

## सरकार हर मोर्चे पर युवाओं और छात्रों के साथ- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़, 20 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से संबंधित मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए छात्रों से संवाद के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।इस कमेटी में शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा, लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी और नलवा से विधायक श्री रणधीर पनिहार को शामिल किया गया है। यह कमेटी छात्रों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेगी और उचित समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं व छात्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार हर स्तर पर युवाओं व छात्रों के साथ खड़ी है।

# सम्पादकीय

## अब मोदी के पीछे पड़ गए भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी?

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला है। स्वामी, अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। राफेल सौदे, विदेश नीति, और पार्टी के नेतृत्व पर उन्होंने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राफेल विमानों को युद्ध के लिए अक्षम बताते हुए सौदे में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। साथ ही, मोदी को कायर और अमेरिका के सामने झुकने वाला कहकर उनकी राष्ट्रवादी छवि पर निशाना साधा है। स्वामी ने अमित शाह और मोदी के करीबी सहयोगियों पर भी विवादास्पद गतिविधियों में शामिल होने का इल्जाम लगाते हुये कहा, कि पार्टी ने आरोपों को नजरअंदाज किया है। स्वामी ने दावा किया, उनके पास ठोस स्रोत हैं। पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर परिकर ने राफेल सौदे का विरोध किया था। जिसे अनसुना कर दिया गया। स्वामी ने 2002 के गुजरात दंगों और जज लोया की मौत जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी आरोप लगाए हैं। इसके अलावा, स्वामी ने भारत की विदेश नीति को कमजोर बताते हुए कहा कि पाकिस्तान और चीन के खिलाफ भारत सरकार द्वारा सख्त रुख नहीं अपनाया गया। सुब्रमण्यम स्वामी जिस तरह से मोदी-शाह की जोड़ी पर बेबाकी से हमला किया है निश्चित रूप से भाजपा के लिए असहज स्थिति वे पैदा कर रहे हैं। स्वामी के आरोपों की विश्वसनीयता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। पिछले तीन दशक की राजनीति में सुब्रमण्यम स्वामी इसी तरह के आरोप लगाकर राजनीति में सनसनी फैलाते हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार हमेशा उनके निशाने पर रहते हैं। सुब्रमण्यम स्वामी को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया था उसके बाद से ही वह प्रधानमंत्री मोदी के आलोचक हो गए हैं, पहले भी उन्होंने इसी तरह के आरोप लगाए हैं। हाल ही में जिस तरह से उन्होंने आरोपों की झड़ी लगाई है, उसके पीछे कोई ना कोई उनका मकसद होगा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव काफी दिनों से चल रहा है। भाजपा के अंदर ही दो समूह बन चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संगठन के बीच दूरियां बढ़ी हैं। स्वामी यह प्रचारित करते रहे कि भाजपा संगठन में मोदी और शाह की जोड़ी का वर्चस्व होने के कारण पार्टी का संगठन कमजोर हुआ है। स्वामी की आलोचना व्यक्तिगत असंतोष से प्रेरित नजर आती है। उन्हें पार्टी में अपेक्षित भूमिका नहीं मिली है। स्वामी दावा करते हैं, वह सच बोल रहे हैं। पार्टी में असहमति को अनुशासन के नाम पर दबाया जा रहा है। मोदी सरकार के लिए जरूरी है, स्वामी के इन आरोपों का तथ्यपरक खंडन किया जाए। स्वामी के दावे और आरोपों पर सरकार को पारदर्शिता के साथ जवाब देना चाहिए। इस मामले में चुप्पी धारण करने से मोदी और सरकार के लिए आगे चलकर मुश्किलें बढ़ेंगी। भाजपा संगठन के अंदर भी अनुशासनहीनता बढ़ सकती है। स्वामी के आरोपों से संगठन के कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल गिरता है। सुब्रमण्यम स्वामी के आरोपों से कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। नेशनल हेराल्ड और राहुल की नागरिकता वाला मामला अभी भी कांग्रेस के गले में पड़ा हुआ है। भाजपा ने यदि सुब्रमण्यम स्वामी को नियंत्रित नहीं किया तो सरकार और भाजपा संगठन को इसका नुकसान भी हो सकता है। सुब्रमण्यम स्वामी सिर्फ सत्ता पाने प्रचार और राजनीतिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। यदि ऐसा है तो सरकार और भाजपा संगठन को उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वह भाजपा के सांसद रह चुके हैं। अभी उनके पास कोई पद नहीं है लेकिन भारत और दुनिया के देशों में उनके द्वारा जो कहा जाता है उसे गंभीरता से लिया जाता है। अतः इस मामले में भाजपा संगठन और केंद्र सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है।

## खुद में करो भगवान के दर्शन

**यज्ञ ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव**
**। येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।**

अर्थात्ः हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह सभी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नज़रिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे।

आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

# योग आधुनिक विश्व की जरुरत, आत्मा एवं शरीर का महासंगम

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि भारत आदि अनादि काल से ही योग का गढ़ रहा है,करीब 5000 वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा से निकली योग की विद्या आज वर्ल्ड वाइस मूवमेंट का हिस्सा बन गई है।आधुनिक दुनियाँ में पूरा विश्व अब योग की अहमियत समझ चुका है व इसका सटीक असर भी दिखाई दे रहा है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। 2025 एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह इस वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठहै इसके अलवा इस वर्ष के उत्सव में 10 हस्ताक्षर कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें प्रमुख कार्यक्रम, योग संगम शामिल है, जो पूरे भारत में 1,00,000 स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन प्रदर्शित करता है।अन्य नौ कार्यक्रम हैं योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ और समयोग। आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा,जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा।उन्होंने योगआंध्र अभियान – जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है।चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए, योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को स्वास्थ्य, शांति और सामंजस्य की दिशा में एक वैश्विक संदेश भी देता है। योग, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है,आजआधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, रोग और मानसिक असंतुलन का प्राकृतिक समाधान बन चुका है।योग केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और सौहार्द की दिशा में एक समवेत प्रयास है। विश्व के कोने-कोने में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, जिससे यह दिवस एक वैश्विक जनांदोलन का स्वरूप



ग्रहण कर चुका है। इस अवसर पर भारत समेत दुनिया भर में लाखों स्थानों पर सामूहिक योग अभ्यास, कार्यशालाएं औरजनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। योग दिवस की यह प्रस्तावना हमें आत्म-निरीक्षण, सामूहिक एकता और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में बढ़ने का आह्वान करती है।चूँकि योग प्राचीन भारत की देन आधुनिक विश्व की ज़रूरत, आत्मा और शरीर का महासंगम है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025, एक धरती एक स्वास्थ्य,योग से विश्व कल्याण विश्व शांति और स्वास्थ्य की ओर कदम है, जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम योग के महत्व की करें तो, योग विश्व को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। योग के अभ्यास का सम्मान करने और दुनिया भर में इसके लाभों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। काम, तनाव, और व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं, ऐसे में हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है, योग इसी जरूरत को पूरा करने वाला एक प्राकृतिक और आसान तरीका है।

साथियों बात अगर हम योग के मकसद की करें तो,आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी हो गया है, काम की व्यस्तता और तनाव के कारण हम अपने शरीर और दिमाग को सही आराम और ध्यान नहीं दे पाते, ऐसे में योग हमारे लिए एक बहुत बड़ा सहारा बनकर आता है, योग न सिर्फ हमारे शरीर को फिट रखता है बल्कि मन को भी शांत और सुकून देने में मदद करता है। इस दिन लोग योग के फायदे जानने और अपनाने की कोशिश करते हैं। योग दिवस मनाने का मकसद लोगों को योग के फायदों से परिचित कराना है, आज के दौर में जहां लाइफ स्टाइल बदल गई है, वहां शरीर और दिमाग पर तनाव भी बढ़ गया है, योग इन सभी समस्याओं को कम करने में मदद करता है, इससे शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं और मानसिक संतुलन भी बना रहता है, इसलिए विश्व स्तरपर योग दिवस मनाकर योग की अहमियत को बढ़ावा दिया जाता है, इसके साथ ही यह दिन दुनिया को एक साथ लाने और स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का संदेश भी देता है।योग के फायदे-योग हमारे शरीर को लचीला, मजबूत और स्वस्थ बनाता है, इसके नियमित अभ्यास से हृदय संबंधी रोग, मोटापा, तनाव, चिंता और कई दूसरी बीमारियां दूर रहती हैं। योग मन को शांत करता है और सोचने -समझने की शक्ति बढ़ाता है, साथ ही यह नींद को बेहतर बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। इसीलिए योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक स्वस्थ लाइफ स्टाइल है।

साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। - समावेशिता के लिए योग समावेश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए योग बंधन तक - ये कार्यक्रम योग को मैट(चटाई) से लेकर आम जनता तक ले जाने के सरकार के रणनीतिक विज़न को दर्शाते हैं। दिल्ली, भुवनेश्वर, नासिक और पुदुचेरी में क्रमशः100 दिवसीय, 75 दिवसीय, 50 दिवसीय और 25 दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के प्रति जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने मुख्य कार्यक्रम की ओर अग्रसर होने में अहम योगदान दिया है।योग केवल आसन करने और सांस लेने का अभ्यास भर नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है, मीडिया के सहयोग से लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक ऐसा ऐतिहासिक आयोजन बनाना है, जो लाखों लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करे और एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायता करे।

साथियों बात अगर हम योग के प्राचीन विरासत होने की करें तो, भारतीय संस्कृति में योग रचा- बसा है। मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन भारत में ऋषियों ने योग के उच्चतम विधा को अपनाया और खुद को आत्मनियंत्रित किया।

# एफएटीएफ के निशाने पर है पाकिस्तान का आतंकवाद

**- ललित गर्ग**

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंतत: 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक है। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर



से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन एफएटीएफ को मनाने में आंशिक रूप से सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाक को करना पड़ेगा। यूं भी यह अन्तर्राष्ट्रीय धन का गलत एवं अतिश्योक्तिपूर्ण इस्तेमाल देरसबेर विश्व के सामने आयेगा। भारत दुनिया के देशों को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा है कि पाक न केवल आतंकवाद का समर्थन करता है, बल्कि वह आतंकवाद का पोषक भी है और वह आतंकवाद के लिए फंडिंग भी करता है। इस तरह इसे भारत की कूटनीतिक विजय कहा जा सकता है। क्योंकि एफएटीएफ का इतना बोल्ड बयान पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा है। एफएटीएफ की ओर से जारी आधिकारिक बयान की गहराई को समझने की जरूरत है, कि 'आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं।' यानि एफएटीएफ ने यह मान लिया है कि पहलगाम हमला आतंकवादी वित्त पोषण के कारण ही अमल में आया। एफएटीएफ का यह बयान भारत के लिए बहुत अहम है। ध्यान रहे कि एफएटीएफ, जी-7 देशों की ओर से स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है, जो देशों की वित्तीय नीतियों का मूल्यांकन करती है। गौरतलब है कि वर्तमान में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में 24 देशों का नाम है, जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्त पोषण के लिए निगरानी में हैं। यहां यह उल्लेखनीय एवं ध्यान देने वाली बात है कि पाक को कई बार एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा चुका है। इसे पहली बार 2008 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था, लेकिन बाद में 2010 में इसे हटा लिया गया। इसके बाद, 2012 में पाक को फिर से इस लिस्ट में डाला गया और 2015 में इसे दुबारा हटा दिया गया। इसके बाद, पाक को जून 2018 में फिर से ग्रे लिस्ट में डाला गया था और अक्टूबर 2022 में इसे हटा लिया गया। लेकिन यह कुत्ते की ऐसी दूम है जिसे कितने की कड़े प्रावधानों में रखा जाये, यह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ ने वैश्विक नेटवर्क में 200 से अधिक क्षेत्रों के मूल्यांकन में योगदान देने वाले विशेषज्ञों का समर्थन करने के लिए आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम पर मार्गदर्शन विकसित किया है। अहम बात यह है कि एफएटीएफ के सख्त एवं कठोर व्यवहार के बाद अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के यह समझ में आने लगा है कि पाकिस्तान एक असुरक्षित एवं आतंकवादी पोषक गंतव्य बनता जा रहा है। ऐसे में एफएटीएफ के दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों की संभावना के कारण पाक की पहले से ही डांवाडोल अर्थव्यवस्था को और झटका लग सकता है।

जी-7 शिखर बैठक 15 से 17 जून 2025 तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मेज़बानी में हो रही है।

इसमें जी-7 देशों के प्रमुखों के अलावा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ जैसे नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

# देवभूमिः धार्मिक यात्रा में बढ़ते हवाई हादसे चिंताजनक

**- प्रभुनाथ शुक्ल**

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहाँ धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। धार्मिक स्थलों पर आए दिन श्रद्धालुओं के मरने की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है।

रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुँचाते हैं।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह उचित फैसला। भारत सरकार के डीजीसीए ने अगले आदेश तक हेलीकॉप्टर की सभी उड़ानों पर रोक लगा दिया है। लेकिन सिर्फ रोक से काम नहीं चलेगा सम्बंधित घटनाओं की जाँच होनी चाहिए। सवाल उठता है किस तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किस स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। निर्दोष यात्रियों की जान को जोखिम में क्यों डाला जा रहा है। पैसा कमाने की होड़ में श्रद्धालुओं को मौत के मुंह में क्यों धकेला जा रहा है। सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच पड़ताल की जानी चाहिए। हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर जिस तरह की लापरवाही देखने को मिली है वह हमारी व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल है।

15 जून रविवार को हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में मीडिया रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं कि खराब मौसम के बाद भी निर्दोष श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में डालकर हेलीकॉप्टर को उड़ाने के अनुमति दी गई। हालांकि यह जाँच का विषय है, लेकिन सवाल उठता है कि जब मौसम खराब था फिर हेलीकॉप्टर को उड़ाने की अनुमति किसने दी। जबकि मौसम की गड़बड़ी की वजह से उड़ानों का निलंबित रखा जाता है। इस मामले की निष्पक्ष रूप से जांच होनी चाहिए और निर्दोष लोगों की जान से खेलने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुँचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गमम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है। उत्तराखंड पहाड़ों का राज्य है यहाँ हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है।

कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## अधिकारियों के मेहनत करने से ही होगा नागरिकों की समस्याओं का समाधान- उपायुक्त

पानीपत, 20 जून (हरप्रीत छत्तवाल) आयुक्त एवं सचिव विशाल गुप्ता (आईएएस) ने शुक्रवार को जन संवाद एवं समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा दी गई समस्याओं के निस्तारण को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों




और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बाद में अधिकारियों को बैठक की निर्देश दिए कि वो समस्याओं के निस्तारण को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों की स्थिति कमजोर है उन्हें समय निकालकर समाधान करना होगा। इसमें तेजी लाए व मिल जुल कर सभी समस्याओं का निस्तारण करें ।उन्होंने सभी विभाग अध्यक्षों के साथ एक-एक करके वार्ता की व समाधान शिविर, जन संवाद में नागरिकों द्वारा दी गई सभी समस्याओं के तीव्र गति से निदान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने खास तौर पर शिक्षा विभाग,बिजली विभाग, डीएलसी, एचएसवीपी, डीआरओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से समस्याओं के निदान पर ध्यान देने के लिए कहा। इस मौके पर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, सीईओ डॉक्टर किरण सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉ विजयपाल मलिक, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता एमएस धीमान, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेंद्र चहल, डीएसपी सतीश वत्स, डीडीए आत्माराम गोदारा, डीएचओ शार्दुल शंकर, डीएफएससी नीतू आदि मौजूद रहे।

## बाल श्रम को कम करने के लिए सरकार ने अपनाया कड़ा रूख: उपायुक्त

पानीपत, 20 जून (हरप्रीत छत्तवाल) हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने शुक्रवार को जिला सचिवालय



प्रथम तल पर स्थित सभागार में उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया की अध्यक्षता में बाल श्रम रोकने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम घिनौना अपराध है। इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। आयोग सदस्य ने कहा कि प्रदेश में सरकार बाल श्रम रोकने को लेकर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी में बाल श्रम की कमी हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसको रोकने के लिए एक रणनीति बनाकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह पानीपत में उस अपराधी गिरोह को बे नकाब करना चाहते हैं जो बच्चों से बाल श्रम करते हैं और इस कार्य को आगे बढ़ा रहा है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कार्य करने की जरूरत है। बाल श्रम को कम करने के लिए सरकार ने कड़ा रूख अपनाया हुआ है। बच्चों के साथ अनैतिक व्यवहार करने वाले दोषियों के साथ सरकार सख्ती से निपट रही है। उपायुक्त ने कहा कि किसी बच्चे को जबरदस्ती श्रम करवाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इसकी जानकारी आसपास रहने वाले किसी आदमी को है तो उसे इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देनी। इस मौके पर शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग व कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक रामकुमार कश्यप ने गांव मूसेपुर और राजेपुर का दौरा कर कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

**इन्द्री, 20 जून (बिशपाल राणा) :** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा



रहे च्संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत आज गांव राजेपुर और मूसेपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से भेंट की और उन्हें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर और प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुँचाने का आह्वान किया। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के जनसेवा प्रहरी है और भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति के साथ-साथ संगठन की रीढ़ है। जिस पार्टी के कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करते हैं, उसी पार्टी को विजय प्राप्त होती है और वे सरकार और संगठन के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाते हैं। वहीं दूसरी ओर पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाते हैं। उन्होंने भाजपा के शासनकाल की उपलब्धियों एवं योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर गरीबों और वंचितों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में ऐतिहासिक नीतियों, योजनाओं के साथ-साथ जनता की भलाई के फैसले लेकर प्रदेश को खुशहाल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के हर क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं और इनका लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि हम केवल प्रचार नहीं कर रहे है, बल्कि परिवर्तन की मशाल बनकर सरकार की संवेदनशीलता ओर सेवा भाव को हर द्वार तक पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादे जनता से करती है उन्हें धरातल पर पूरा भी करती है क्योंकि भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है और हर छोटे से कार्यकर्ता से लेकर पार्टी के बड़े पदाधिकारी को बराबर का सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में विपक्षी दलों के शासनकाल से ज्यादा विकास कार्य करवा दिए हैं । सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के लिए जो भी योजनाएं चलाई गई है उनके सार्थक परिणाम सामने आए आ रहे हैं।

# योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल संपन्न, अनाज मंडी में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**- विधायक जगमोहन आनंद करेंगे मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत**



करनाल, 20 जून (सुनील कुमार) : करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में आयोजित योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल में स्कूली बच्चों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रात- 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे, इसके बाद कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उप-मंडल व ब्लॉक स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में एसडीएम राजेश सोनी, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा, निसिंग के कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरमैन प्रवेश कुमारी, चिड़ाव के कार्यक्रम में हरियाणा गऊ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, मूनक के कार्यक्रम में हरियाणा एससी कमीशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, कुंजपुरा के कार्यक्रम में करनाल नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पायलट रिहर्सल के दौरान नगराधीश मोनिका, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी, आयुष विभाग से डॉ नितिन रोहिल्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवन केवल स्वयं को ढूंढना नहीं है बल्कि स्वयं का निर्माण करना है : साध्वी सुमन भारती



**बाबैन, 20 जून ( राजेश कुमार )** : दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की ओर से गांव दूधला में चार दिवसीय सुंदरकांड कथा का भव्य समापन हो गया। इस कथा में साध्वी सुमन भारती ने सुंदरकांड कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सफलता एक लक्ष्य है जिस तक पहुंचाने के लिए मानव को यात्रा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने 100 योजन के समुद्र को पार किया और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया था। हनुमान जी की यह यात्रा कोई साधारण यात्रा नहीं है यह यात्रा किसी बाहरी मार्गो से नहीं होती। जीवन केवल स्वयं को ढूंढना नहीं है बल्कि स्वयं का निर्माण करना है। इस आंतरिक खोज के लिए तीन आवश्यकताओं का वर्णन है सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए जिस प्रकार हनुमान जी का लक्ष्य मां सीता की खोज करना था। यूं तो सैकड़ों वानर खोज यात्रा पर निकले पर हनुमान जी पर विशेष अनुग्रह क्यों। राम भगत हनुमान जी साधक के विशिष्ट गुण का प्रतीक है वह है जागृति विवेक। जिस साधक का विवेक जागृत होता है वह उतना ही विश्वसनीय बन जाता है जीवन में महान अवसर देता है। अवसर असाध्याय समस्याओं के रूप में आते हैं वे असाध्याय या अनसुलझे इसलिए है क्योंकि हमारा विवेक जागृत नहीं है। रावण की लंका में अशोक वाटिका में सीता माता को कैद रखा गया लंकेश की आज्ञा अनुसार अत्यंत भयावह रक्षियन उन्हें भी भयभीत करने लगी। उनमे से एक थी त्रिजटा इसके विषय में गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं त्रिजटा के हृदय में श्री राम के प्रति अटूट प्रीति थी वह विवेक से संपन्न थी और ऐसा विवेक हमारा सत्संग में जाकर ही जागृत हो सकता है। तुलसीदास जी कहते हैं बिन सत्संग विवेक न होई राम कृपा बिनु सुलभ न सोए। सत्संग से हमें भक्ति का वास्तविक मार्ग पता चल सकता है इसलिए हम भी ऐसे संत ऐसे गुरु की खोज करें जो गुरु हमें उसे शाश्वत भक्ति का बोध करवा कर हमारे भीतर सोए हुए विवेक को जागृत करें। कार्यक्रम के समापन पर सुमधुर भजनों का गायन किया गया कार्यक्रम का समापन मंगल आरती से हुआ।

## भारत निर्वाचन आयोग का ऐतिहासिक निर्णय, अब 15 दिन में पहुंचेगा एपिक कार्ड

पानीपत, 20 जून (हरप्रीत छत्तवाल) भारत निर्वाचन आयोग ने इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड (एपिक) की मतदाताओं तक तेज़ डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इस नई प्रक्रिया के तहत, चुनावी रोल में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाताओं को उनके ऐपिक प्राप्त हो जाएंगे। इसमें एक नए मतदाता का नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है ।डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डाक्टर वीरेंदर दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली ऐपिक के जनरेशन से लेकर इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा मतदाता को डाक विभाग के माध्यम से ऐपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी ।उन्होंने बताया कि मतदाताओं को प्रत्येक चरण में एस एस एस के माध्यम से भी सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें अपने ऐपिक की स्थिति के बारे में सूचित रखा जाएगा ।उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए आयोग ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। वर्तमान प्रणाली को फिर से इंजीनियर करके और वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करके। निर्बाध डिलीवरी के लिए डीओपी का एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफ़ेस (के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। अपने सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करना भारत निर्वाचन आयोग के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है।

# योग न केवल व्यक्तिगत विकास का मार्ग है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता को भी बढ़ावा देता है : अश्वनी मिश्रा




**बाबैन, 20 जून ( राजेश कुमार )** : ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में 21 जून को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बाबैन मंडी में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ युवा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के हरियाणा राज्य प्रभारी अश्वनी मिश्रा ने मुख्य रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पर विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से 1 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे जबकि योग गुरु स्वामी रामदेव के अलावा प्रदेश भर से अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस योग शिविर को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई है जिसको लेकर लोगों में भी भारी जोश और उत्साह है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार व जिला प्रशासन द्वारा लोगों को इस योग शिविर में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ-साथ, एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग न केवल व्यक्तिगत विकास का मार्ग है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता को भी बढ़ावा देता है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, जिससे व्यक्ति बेहतर ढंग से अपने सामाजिक दायित्वों को निभा सकता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षकों के द्वारा भी गांवों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को योग के महत्व, योगासन, प्राणायाम करते हुए रोगों से बचाव के लाभ बताने के अलावा योग करने की प्रेरणा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 21 जून को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर आयोजित योग दिवस पर प्रसिद्ध योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज योग करें जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वे इस अवसर पर योग सीख कर अपने आप को स्वस्थ और निरोग रखें। इस अवसर पर सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम उदारसी, पूर्व चेयरमैन बलदेव सैनी, बाबैन के सरपंच संजीव सिंगला, सुरेश अजरावर, भाजपा मंडल प्रधान विकास शर्मा, पूर्व प्रधान जसविंदर जस्सी, सुरेश कश्यप, अनिल टाटकी, भीम बेरथला, रिंकू कश्यप, प्रदीप बिन्ट, मेजर सिंह, बख्तावर सिंह, डॉ. संजीव सैनी, संजीव सुरजगढ़, गुरदेव लखमड़ी, प्रवीण पांचाल के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## ज्यस्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह मनाया जाएगा धूमधाम से : राजबीर कश्यप

***हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप करेंगे मुख्य रूप से शिरकत***

**वार्षिक सम्मान समारोह में 200 से ज्यादा मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित**

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** कश्यप राजपूत भवन कुरूक्षेत्र का 45वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह 22 जून को बड़ी धूमधाम से कश्यप राजपूत धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मनाया जाएगा। जिसमे हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। जिसमे 200 से ज्यादा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। कश्यप राजपूत सभा के प्रधान राजबीर कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कश्यप राजपूत भवन कुरूक्षेत्र का 45वा स्थापना दिवस पर राज्यस्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि 200 से ज्यादा मेधावी छात्रों को इस वार्षिक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस कार्यक्रम में जिन समाज के गणमान्य लोगों ने कश्यप राजपूत भवन कुरूक्षेत्र की नींव रखी थी,उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। और उनको याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य हजारों लोग पहुंचेंगे ।उन्होंने कहा कि वह सभी जगह जाकर इस कार्यक्रम का न्योता दे रहे हैं और समाज में भी भारी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर रामलाल कश्यप उपप्रधान, संजीव कश्यप सचिव, देव कश्यप, प्रदीप उपली, विक्रम सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

# समझौते में मानी गई मांगों को हल न करने से नाराज़ कर्मचारी करेंगे आन्दोलन






**यमुनानगर, 20 जून ( संजीव कुमार ):** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा नगर निगम यमुनानगर में कार्यालय में एक विशेष जनरल मीटिंग की गई जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान पपला व मीटिंग का संचालन सचिव प्रवेश प्रोचा ने किया मीटिंग प्रधान के इलावा भारी तादाद में कर्मचारियों ने भाग लिया जनरल मीटिंग में यह फैसला लिया गया कि नगर निगम यमुनानगर प्रषासन व संघ के बीच कंई दोर की वार्ता में कर्मचारियों की मांगो को हल? करने पर सहमति जताई गई थी जैसा कि रिटायर होने वाले कर्मचारीयों को दस दिन में सभी लाभ दिया जाएगा लेकिन कुछ कर्मचारी जून 2024 में रिटायर हो गए हैं पर दोबारा जुन का महिना जाने वाला है ?अब तक रिटायरी का लाभ नहीं दिया गया जिस कारण कर्मचारी मरने की कागार पर है कच्चे कर्मचारियों को सरकार के पत्र अनुसार हर साल दो जोड़ी वर्दी व दो जोड़ी जूते देने का है लेकिन चार साल से कर्मचारीयों को वर्दी जूते नहीं दिया गया लगभग सत्रह कर्मचारीयों का ए सी पी का लाभ नहीं मिला लगभग 40 पालिका, परिषदों, निगमो में समान काम समान वेतन का 2017 से एरियर सहित लाभ मिल चुका है जिसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने एरियर 2017 से की बात स्वीकार की थी ।लेकिन इसको देने में आनाकानी कर रहा है बरसात के समय सफाई कर्मचारीयो को हाजिरी लगाने के लिए इधर उधर खड़ा होना पड़ता है जिसके लिए नगर निगम प्रशासन ने हाजिरी सैड बनवाने की बात भी मानी गई थी जिसमें प्रषासन द्वारा लोहे के बने हुए सैड लगभग तीन चार महीने पहले जगाधरी में 20 - 22 की संख्या में एक जगह रखें हुएं हैं पर जहां कर्मचारीयो की हाजिरी लगती है वहां? पर रखे नहीं जा रहें हैं नगर निगम यमुनानगर में क्षेत्रफल के हिसाब से ?लगभग दो हजार से पच्चीसो कर्मचारीयों की सफाई कार्य के लिए ?जरूरत है लेकिन अब मोजूदा समय में पक्के कर्मचारी 140 व कच्चे कर्मचारी 509 लगभग 649 कर्मचारी हैं जिसमे से 70 से 80 कर्मचारी बैगार प्रथा में सरकारी ओफिसरो व मंत्री विधायको की कोठियों पर काम कर रहे हैं फिर भी जो कर्मचारी फिल्ड में काम कर रहे शहर को साफ सुथरा रखने में अपना इमानदारी काम कर रहे हैं प्रधान पपला ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम यमुनानगर प्रषासन को अपनी मांगों को बातचीत के माध्यम से मांगों को हल करने के संघ की तरफ से नोटिस दिया गया है । अगर नगर निगम प्रशासन जल्दी से मांगों का समाधान नहीं करता तो मजबूरन संघ आन्दोलन करने पर विवश होगा जिसमें गेट मीटिंग धरना उल्टा झाड़ू प्रदर्शन भूख-हड़ताल, हड़ताल जैसे ठोस? कदम उठाने के लिए मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम यमुनानगर प्रशासन की होगी। जनरल मीटिंग राज्य महासचिव मांगेराम तिगरा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान महिपाल सोदे, राजकुमार ससौली, राजकुमार धारीवाल बलदीप सिंह तुंबी, रमन, र सुरेश सादीपूर, जीतो श्याम लाल, अनीता, कमलेश आदि ने भाग लिया।

# अब सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में योग करके विश्व रिकॉर्ड बनाने का समय : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम एक नए आयाम स्थापित करेगा। इस कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक प्रतिभागी भाग लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक नया विश्व रिकार्ड बनाने का काम करेंगे। इस योग कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ, हरियाणा योग आयोग व जिला की विभिन्न संस्थाओं के 1 लाख से अधिक प्रतिभागी शिरकत करके एक नया विश्व रिकार्ड बनाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उच्चस्तरीय तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने कार्यक्रम को लेकर की गई सभी तैयारियों की पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, सीएम कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी को विस्तार से जानकारी दी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत की प्राचीन पद्धति योग के महत्व को पूरी दुनिया जान गई है। भारत के साथ-साथ कई देश आज योग को अपना चुके है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र में भव्य राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे और योग को बढ़ावा देने का काम करेंगे। सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की



दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम से विश्व स्तर पर पहचान बनाने का सपना 21 जून को पूरा होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं, शहर की सभी संस्थाओं, स्कूल व शिक्षण संस्थानों और अधिकारी व कर्मचारी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने के लिए यातायात व्यवस्थ का पुख्ता प्रबंध किया गया है। वाहनों की पार्किंग पर्याप्त मात्रा में चिन्हित कर ली गई है। सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के समापन पर सबसे पहले स्कूली विद्यार्थियों को रवाना किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इसके लिए सभी तैयार हैं। कार्यक्रम क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी। इसके लिए ब्रह्मसरोवर परिसर को 64 सेक्टरों और मेला ग्राउंड को 37 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सेक्टर में 1 हजार प्रतिभागी योग करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में एक योग प्रशिक्षक, पतंजलि सदस्य, पुलिसकर्मी, प्रशासनिक नोडल अधिकारी, स्वयं सेवक मौजूद रहेंगे। योग कार्यक्रम से सभी प्रतिभागियों को जोड़ने के लिए 31 एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, इनमें से 20 ब्रह्मसरोवर परिसर में और 11 मेला ग्राउंड में स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रम में 37 हजार स्कूली विद्यार्थी, स्टाफ व परिजन शिरकत करेंगे, पतंजलि योग पीठ और हरियाणा योग आयोग की तरफ से 40 हजार प्रतिभागी पहुंचेंगे और इसके अलावा शहर की विभिन्न संस्थाओं से करीब 25 हजार लोग पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर 100 मोबाईल शौचालय की अस्थाई व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ब्रह्मसरोवर परिसर में विभिन्न घाटों के आसपास 20 से ज्यादा स्थाई शौचालय भी स्थित है। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है। योग कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन कैमरों से फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी की जाएगी। ब्रह्मसरोवर स्थित केडीबी कार्यालय के सभागार में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का खेल मैदान, थीम पार्क, अनाज मंडी और ज्ञानानंद संस्थानम के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पत्रकारों के लिए श्रीकृष्ण संग्रहालय परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित



**फतेहाबाद, 20 जून ( ब्यूरो ) :** अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ सभी मामलों पर गहनता से विचार विमर्श किया। उन्होंने उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को पीड़ित परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आपसी तालमेल से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाई करें, ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। बैठक में तहसील कल्याण अधिकारी एवं कमेटी सदस्य सचिव ममता ने विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर डीएसपी जयपाल, तहसीलदार आशीष कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी ममता, राधेश्याम, कमेटी के गैर सरकारी सदस्य रविंद्र, राज कुमार, हरपाल आदि उपस्थित रहे।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस : कपिल कुमार

**पिहोवा, 20 जून ( विवेक ) :** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर 21 जून शनिवार को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसमें एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि 21 जून को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी



बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। पंतजलि योगपीठ के स्वामी रामदेव के सान्निध्य में योग कार्यक्रम को किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा कुमारी आरती सिंह राव करेंगी। इस योग महाकुंभ को जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक मनाया जाएगा। एसडीएम ने सभी आमजन से आहवान किया कि वे 21 जून को प्रात: 5 बजे से पहले कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर पंहुचकर योग महाकुंभ में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है, इसको प्रदेश में आगे बढ़ाते हुए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाया है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार नागरिकों को योग के लिए बिठाया जाएगा। मेला ग्राउंड में विभिन्न स्कूलों के छठी कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बिठाए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों से करीब 37 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं ने करीब 40 हजार योग साधकों को लेकर आने की तैयारी की है। योग करने वाले सभी 5 बजे से पहले अपनी सीट पर बैठ जाएंगे। करीब 5 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव मंच पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद संबंधित, योग, प्राणायाम किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश को संदेश होगा।

# एडीसी अनुराग ढालिया ने स्थानीय पंचायत भवन से योग मैराथन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**फतेहाबाद, 20 जून ( ब्यूरो ) :** जिला प्रशासन, आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पंचायत भवन से एमएम कॉलेज तक योग मैराथन निकाली गई। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने इस योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजन को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे निरोगी काया के लिए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनायें। उन्होंने कहा कि जिला व खंड स्तर पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को अवश्य हिस्सा लेना चाहिए। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय



योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई योग मैराथन स्थानीय पंचायत भवन से होते हुए पुराना बस अड्डा, जीटी रोड, लाल बत्ती चौक, सिरसा रोड से होते हुए आयोजन स्थल एमएम कॉलेज के प्रांगण में पहुंची। योग मैराथन में जिला खेल विभाग के खिलाड़ी, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों सहित महिलाओं ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। करो योग रहो निरोग आदि के नारे लगाते हुए शहर फतेहाबाद में योग के प्रति जागरूकता की अलख जगाई गई। इस दौरान आयुष विभाग के योग सहायकों व योग विशेषज्ञों ने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे नियमित रूप से योग करें। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनायें। यदि हम नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे तो खुद को बिमारियों से संरक्षित रख सकेंगे। योग को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारी, खेल विभाग के प्रशिक्षक, योग सहायक व योग विशेषज्ञ, खिलाड़ी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

# योग के अंदर शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का संदेश छिपा : डा. बलराम शर्मा

**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) :** डी.ए.वी पीजी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विभाग के अध्यक्ष डा. बलराम शर्मा ने कहा कि आज 21 जून यानि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अर्थात जोड़ने का दिन। भारत का पुरातन ऋषि, मुनियों का ज्ञान जो हमारी मानसिक, शारीरिक, आत्मिक तीनो प्रकार की विकृति को नष्ट करता है। एक शुद्ध चेतना प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की कवायद 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ में एक ऐतिहासिक भाषण से हुई थी। इसी क्रम में 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को सभी देशों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। और फिर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना निश्चित किया। 21 जुन का भी अपना महत्व है। 21 जून उतरीं गोलार्ध का बड़ा दिन होता है। इसे ग्रीष्म क्रांति का दिन भी माना जाता है।

**योग का अध्यात्मिक पक्ष**

डी.ए.वी पीजी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विभाग के अध्यक्ष डा. बलराम शर्मा ने कहा कि योग का ज्ञान अति प्राचीन है। और योग का क्षेत्र अति व्यापक है। योग के माध्यम से हम आध्यात्मिकता की अंत गहराई को प्राप्त कर सकता है। योग अष्टांग बताये गये है। महर्षि पतंजलि योग चित्तवृत्ति निरोध के रूप में परिभाषित किया है। और योग के आठ अंग हैं। जो यम,



नियम,आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि है। हम योग के माध्यम से ही समाधि तक की अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं। भारत सरकार के द्वारा यह कदम पूरे विश्व को पुन: योग और सनातन ज्ञान की तरफ आकर्षित करने के लिए किया है। जिस ऊर्जा से भारत के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के पुरातन ज्ञान को रखा था। इस समय सभी राष्ट्रों ने एक मत से इस पर सहमति व्यक्त की थी। यह भारत के प्राचीन ज्ञान का ही बल था।

इसी योग के अंदर शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का संदेश छिपा है। यह योग ही पूरे विश्व को परस्पर गतिरोध का शमन करने की ताकत रखता है। अब विषय को गंभीरता की तरफ लेकर जाते हैं और जैसा की आप उपयुक्त शीर्षक देख पा रहे है। इसमें छिपा है गहन महत्व योग धर्म से योगमय हो धरा आये अब हम योग को अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष्य में एक नई भूमिका से समझते हैं।

योग शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का संदेश देता है। आज विश्व में विभिन्न देशों के मध्य संघर्ष की स्थिति है। युद्ध हो रहे हैं। मानव मूल्य नष्ट हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत की प्राचीन अमूल्य ज्ञान की तरह सार्थकता सिद्ध हो सकती है। जिस प्रकार योग का शाब्दिक अर्थ जोड़ना है। उसी तरह भारत को योग धर्म से पुरे विश्व को जोड़ना चाहिए। विश्व स्तर पर पैदा हो रहे गतिरोध को समाप्त करना चाहिए। जब ही योग धर्म से यह धरा योगमय होगी।

# बालू सिंघड़ा सड़क पर नर्दक नहर के पुल की टूटी रेलिंग दे रही बड़े हादसों को निमंत्रण

**चिडाव, 20 जून ( प्रवीन कुमार ) :** खंड के गांव सिंघड़ा से बालू की ओर जाने वाली सडक़ पर नर्दक नहर के पुल की दोनों तरफ की रैलिंग करीब दो वर्षों से टूटी पड़ी है। जिससे किसी बड़े हादसे का अंदेशा वाहन चालकों में मन में बना रहता है। राहगीरों में रामकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, विक्रम शर्मा, गोल्डी, संदीप, भूषण, सतपाल, रामदिया, रामपाल, रामस्वरूप, देवीदयाल, अमित शर्मा, बब्लू व कृष्ण सहित अन्य का आरोप है कि सिंघड़ा से बालू की ओर जाने वाली सड़क पर नहर की दोनों तरफ की पुलिया की रैलिंग करीब दो वर्ष टूट कर नहर में ढही पड़ी है। जिससे



राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे ही अगर दुसरी तरफ से कोई बड़ा वाहन आ जाता है, तो पुलिया की चौड़ाई कम होने के कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिया के पास मोड़ व रैलिंग टूटने के कारण नहर में गिरकर कई दोपहिया वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। रात के समय यहां से गुजरने पर यह टूटी हुई रेलिंग सही से दिखाई नहीं पड़ती। जिस कारण कई बार बड़े हादसे हो चुके है। हर बार यहां से गुजरने पर मन में एक डर सा बना रहता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि नहर की टूटी रैलिंग को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि वाहन चालकों के साथ कोई बड़ा हादसा घटित न हो। इस संबंध में सिंचाई विभाग के जेइ शमशेर सिंह ने बताया कि नर्दक नहर का नया पुल के निर्माण के लिए प्रपोजल भेज दिया गया है। फिर भी जल्द ही इस पुल पर रेलिंग लगवा दी जाएंगी। वाहन चालकों व आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएंगी।

# भारत निर्वाचन आयोग का ऐतिहासिक निर्णय, अब 15 दिन में पहुंचेगा एपिक कार्ड

**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ) :** भारत निर्वाचन आयोग ने इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड की मतदाताओं तक तेज़ डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इस नई प्रक्रिया के तहत, चुनावी रोल में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाताओं को उनके ऐपिक प्राप्त हो जाएंगे। इसमें एक नए मतदाता का नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि यह पहल मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली ऐपिक के जनरेशन से लेकर इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा मतदाता को डाक विभाग के माध्यम से ऐपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को प्रत्येक चरण में एस एस एस के माध्यम से भी सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें अपने ऐपिक की स्थिति के बारे में सूचित रखा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए आयोग ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। वर्तमान प्रणाली को फिर से इंजीनियर करके और वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करके। निर्बाध डिलीवरी के लिए डीओपी का एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफ़ेस (के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। अपने सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करना भारत निर्वाचन आयोग के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है।

# अनाज मंडी में करवाई अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल

**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया के नेतृत्व में अनाज मण्डी जगाधरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पायलट रिहर्सल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा मुख्यातिथि एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र सिंह ढुल, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कल 21 जून 2025 को



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा जिसकी शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आमजन को संबोधित करेंगे। उसके पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जायेगा जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी/कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आमजन भाग लेंगे जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन के द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में उप-मण्डल एवं ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि रिहर्सल में सभी विभागों को 24 सैक्टरों के आधार पर विभाजित करके सभी साधकों के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग विभागों के अनुसार की गई है जिससे की वहां पर आने वाले योग साधकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पायलट रिहर्सल में 800 स्कूली बच्चे, 250 एन.सी.सी बच्चे, 300 कॉलेज छात्र, 2500 के लगभग विभागीय अधिकारी/कर्मचारी व 1500 के लगभग आमजन सम्मिलित हुए जिसमें जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार के द्वारा योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल का अभ्यास करवाया गया। साथ ही जिले के प्रत्येक खण्ड स्तर पर भी 500 से अधिक योग साधकों ने पायलट रिहर्सल का अभ्यास किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ढुल एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कल आयोजित होने वाले मुख्य योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक जनमानस को सम्मिलित होने के लिए अपील की। आज सभी ने सम्मिलित होकर योगाभ्यास किया है। उन्होंने कहा कि सभी शहरवासी अनाज मंडी में पहुंचकर योगाभ्यास करें और अपने शरीर को और मन को स्वस्थ रखने की प्रक्रिया के बारे में जानें।

# जिले के कुछ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, आज सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक कटौती

**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ) :** 132 केवी आर्यनगर से 132 केवी भोजराज के बीच नए टावर लाइन कार्य के चलते 33 केवी चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति 21 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए गंगवा सब डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि बिजली निगम के अनुसार यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते की जा रही है, जिससे क्षेत्र में भविष्य में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में कोई आवश्यक कार्य बिजली पर निर्भर हो तो पहले से योजना बनाकर कर लें। सब डिवीजन एसडीओ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, उन फीडरों में आरडीएस 11 केवी पनिहार, मुकलान, किसान फॉस्फेट इंडस्ट्रीज, मेट्रो फ्यूल इंडस्ट्रीज, विमला इंडस्ट्रीज, चौधरीवास वाटर वर्क्स, चौधरीवास एपी तथा बड़वा एपी शामिल है।

# राज्यस्तरीय योग को ऐतिहासिक बनाने में खेल विभाग की रहेगी अह्म भूमिका : संजीव वर्मा

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक व सफल बनाने में खेल विभाग की अहम भूमिका रहेगी। खेल विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे, किसी भी ड्यूटी में जिस भी अधिकारी या कर्मचारी की कोताही मिली तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा खेल विभाग के डीजी एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा शुक्रवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में खेल विभाग के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले डीजी संजीव वर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के साथ



राज्य स्तरीय योग महोत्सव को लेकर विभाग द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को ब्रह्मसरोवर परिसर व मेला ग्राउंड में राज्यस्तरीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे और योग गुरु स्वामी रामदेव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक साथ एक लाख प्रतिभागियों के साथ योग करने का संकल्प लिया है, जिसको को पूरा करने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# दादा की बरसी पर पोते ने आत्महत्या की

**नीलोखेड़ी, 20 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** नील नगर निवासी 22 वर्षीय ऋषभ ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ऋषभ अविवाहित था और एम सी ए की पढ़ाई कर रहा था। ऋषभ के माता-पिता ने ऋषभ के दादा की बरसी पर कुटिया में पाठ रखवाया था। कुटिया में पाठ चल रहा था और ऋषभ और उसका सारा परिवार पाठ में बैठा हुआ था। ऋषभ पाठ के दौरान कुटिया से उठ कर घर आ गया और फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी इंचार्ज संदीप का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। शव मिलने के बाद परिजनों ने शुक्रवार को ऋषभ का अंतिम संस्कार कर दिया।

# कैथल साईं मंदिर के श्रद्धालुओं ने शिरडी में धूमधाम से निकाली साईं बाबा की भव्य पालकी

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** महाराष्ट्र की पवित्र साईं नगरी शिरडी में गुरुवार को कैथल साईं मंदिर के 200 से अधिक पुरुष और महिला श्रद्धालुओं ने साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली। इस शानदार पालकी में कैथल साईं मंदिर के भक्तों ने गले में पीले रंग के पटके पहने हुए थे, जो उनकी अटूट भक्ति और उत्साह का प्रतीक थे। सुबह-सुबह साईं बाबा की पालकी में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद महाराष्ट्र के पारंपरिक ढोल-ताशों की थाप पर सैकड़ों पुरुष और महिला भक्त साईं बाबा के जयकारे लगाते हुए मस्ती में झूमते हुए शिरडी साईं मंदिर की परिक्रमा करने लगे शिरडी की सड़कों पर कैथल साईं मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई यह पालकी यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। हैरानी की बात यह थी कि इस पालकी यात्रा में न केवल कैथल के भक्त शामिल हुए, बल्कि शिरडी में साईं बाबा के दर्शन के लिए देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने और साईं भक्ति में डूबकर खूब मस्ती में झूमे। कैथल साईं मंदिर द्वारा पिछले कई वर्षों से हर साल जून माह में आयोजित की जाने वाली यह शिरडी साईं यात्रा साईं भक्तों के लिए एक विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक अवसर है। इस यात्रा में सैकड़ों साईं श्रद्धालु एक सप्ताह के लिए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शिरडी पहुंचते हैं। हर वर्ष जून माह में कैथल से शिरडी आने वाली इस धार्मिक यात्रा के दौरान गुरुवार को कैथल साईं मंदिर की संगत द्वारा साईं बाबा की भव्य पालकी निकाली जाती है। शिरडी में निकाली जाने वाली इस साईं पालकी के दौरान कैथल के साईं भक्तों द्वारा रास्ते में जगह-जगह भंडारे आयोजित किए जाते हैं। इन भंडारों में हजारों लोगों को तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन, मिठाइयां और मीठे पेयजल वितरित किए जाते हैं। यह भंडारे श्रद्धालुओं की सेवा और साईं बाबा के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाते हैं।पालकी यात्रा साईं बाबा के मंदिर के चारों ओर की सड़कों से गुजरती हुई साईं बाबा के परम भक्त खंडोबा मंदिर पहुंचती है, जहां पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद पालकी साईं बाबा के मंदिर के निकट द्वारकामाई और चावड़ी पहुंचती है, जहां भी विशाल भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन भंडारों में शामिल होने वाले श्रद्धालु साईं बाबा की कृपा और भक्ति में लीन हो जाते हैं।साईं बाबा की शिक्षाओं और श्रद्धालुओं की आस्था साईं श्रद्धालुओं का यह अटूट विश्वास है कि साईं बाबा उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। साईं बाबा ने दुनिया को सबका मालिक एक का संदेश दिया और मानवता की सेवा के साथ-साथ जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। कैथल साईं मंदिर के श्रद्धालु इस शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए अपनी भक्ति और सेवा के माध्यम से साईं बाबा के आदर्शों को जीवंत रखते हैं।यह पालकी यात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि साईं भक्तों के बीच एकता, उत्साह और भक्ति का प्रतीक भी है। शिरडी की सड़कों पर गूंजते साईं बाबा के जयकारे और ढोल-ताशों की थाप इस पवित्र नगरी को भक्ति के रंग में सराबोर कर देते हैं।

# योग से लोग प्राप्त कर रहे हैं स्वास्थ्य लाभ



**सफीदों, 20 जून ( एस. के. मित्तल ) :** भारत विकास परिषद सर्पदमन शाखा के तत्वावधान में नगर के आर्य समाज मंदिर में लगाए गए योग शिविर में काफी लोगों ने पहुंचकर योगाभ्यास किया। शिविर में योगाचार्य शीशपाल आर्य ने लोगों को पवनमुक्त आसन, दंड आसन, शशांक आसन, चेयर आसन, भुजंग आसन, भ्रामरी आसन, अनुलोम-विलोम, शलभ आसन का अभ्यास करवाया। योगाचार्य शीशपाल आर्य ने कहा कि हर किसी को योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। योग को हर आयु वर्ग का महिला व पुरुष कर सकता है। योग से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। इस मौके पर मौजूद रुचि कंसल व विजेंद्र मलिक ने अपने अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने योग को अपनाया। योग क्रियाएं करने से उनकी जीवन शैली में बदलाव आए हैं और शरीर को बेहतरीन लाभ प्राप्त हुए हैं। हर किसी को योगासन करने चाहिए। संस्था के अध्यक्ष संजीव दीवान व सचिव उमेश दीवान ने बताया कि शिविर में दिन-प्रतिदिन योगार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। महिलाएं व पुरुष योग करके विभिन्न प्रकार से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शहर को बनाया जाएगा साफ-स्वच्छ-सुंदर



**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि नगर परिषद थानेसर द्वारा 1 जून से 15 जून तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन शहर के किए सफाई व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शहर से करीब 15 से 20 टन कूड़े का उठान किया गया। नप अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि डीसी नेहा सिंह व डीएमसी सतीन्द्र सिवाच के निर्देशानुसार प्रतिदिन शहर के वार्डों में स्पेशल टीम लगाकर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्डों के गणमान्य व्यक्ति, जिसमें एमसी, प्रधान, नेता, एसोसिएशन के सदस्य व आम लोगों द्वारा भागीदारी की गई। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों को सफाई उपकरणों की कीट, आम लोगों को जूट के थैले बांटना, नारी की भागीदारी थीम पर महिला सफाई कर्मियों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना, मंदिरों व गौशाला में सफाई करना, मीडिया के साथियों को साथ लेकर स्वच्छता की अलख जगाना, डीसी व डीएमसी व अन्य अधिकारियों द्वारा पीपली में स्वयं कूड़े का उठान करना, पॉलीथीन व प्लास्टिक का प्रयोग करने पर पचास के करीब चालान काटे व उनसे लगभग बीस हजार रुपए की रिकवरी करते हुए दुकानदारों में संदेश दिया कि सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथीन व प्लास्टिक न बेचे। स्वच्छ भारत मिशन आयोग के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक व वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मीटिंग कर उनके साथ अपने अनुभव सांझे किए जिसमें स्वच्छता के प्रति कई अच्छे सुझाव भी मिले, जिन्हें अपने नैतिक जीवन में उतारा भी जाएगा, इसके साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण व पार्क की सफाई भी की गई जिसमें चैयरपर्सन माफी ढांडा व नेता साहिल सुधा सहित अन्य लोगों ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि नाले नालियों की सफाई हो, ग्रीन बेल्ट को साफ करना, घास व भांग के पौधों को कटाई भी कर्मियों के द्वारा की गई। जहां भी सफाई अभियान चलाया गया वहां उपस्थित लोगों को अपने आसपास सफाई रखने की शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि 15 जून को नशा मुक्त हरियाणा की थीम पर ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 15 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया और 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भी शहर एवं कार्यक्रम स्थलों को अच्छे से साफ किया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को सफाई के प्रति एक अच्छा संदेश दिया जा सके। जिससे देश में कुरुक्षेत्र की एक अलग पहचान बने।

# टीम ने एक बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** थाना शहर जगाधरी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान पाबनी रोड नहर पुल के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रबंधक राजपाल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पाबनी रोड नहर पुल के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही विजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 10 जून को गुलाब नगर चौक पाबनी रोड से चोरी की थी। पूछताछ में जिसकी पहचान जिला करनाल के गांव बुडेहड़ा निवासी सावन पुत्र संजय कुमार के नाम से हुई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रबंधक राज्यपाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के तीन मुकदमे करनाल और कुरुक्षेत्र में दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एमएम कॉलेज में पायलेट रिहर्सल का आयोजन



**फतेहाबाद, 20 जून ( ब्यूरो ) :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 7 बजे स्थानीय मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया सहित अन्य अधिकारियों ने योग दिवस की पायलेट रिहर्सल में भाग लेकर योगाभ्यास किया और 21 जून को आयोजित किए जाने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। योग दिवस कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल में योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा, योग सहायक श्रवण, पवन, ज्योति आदि के सहयोग से कॉमन योग प्रोटोकॉल करवाया व लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले एडीसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला फतेहाबाद में जिला प्रशासन के सभी विभागों के आपसी तालमेल एवं सहयोग से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम तथा हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए योगयुक्त हरियाणा - नशामुक्त हरियाणा स्लोगन के साथ योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय एमएम कॉलेज में आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती राव सिंह मुख्यातिथि होंगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने योग दिवस की पायलट रिहर्सल में अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योग की विभिन्न क्रियाओं का योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर न केवल शरीर को निरोग बना सकते हैं बल्कि मानसिक तनाव से मुक्ति व लाइफस्टाइल में बदलाव कर मधुमेह, रक्तचाप आदि बीमारियों को नियंत्रित भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर शरीर स्वस्थ होगा तो जीवन में आने वाली हर चुनौती आसान होगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी योग साधक/योग अभ्यर्थी 21 जून को सुबह 5 बजे जिला फतेहाबाद में संबंधित स्थानों पर पहुंच जाये। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को योगयुक्त नशामुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, डीएसपी जयपाल सिंह, प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, उप निदेशक सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग अमित पंवार, जिला योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार, डॉ. भारती, डॉ. शिक्षा, डॉ. नीमा, डॉ. विश्वाजीत, आरएमओ डॉ. राजेश सरदाना भी उपस्थित रहे।

# आईटीआई के विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम व नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक



**हांसी, 20 जून ( मनोमोहन शर्मा ) :** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. के निर्देशनुसार आज एएसआई दीपक कुमार ने आईटीआई में जाकर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों प्रति जागरूक किया। कम्यूनिटिंग पुलिस इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने विधार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है। पिन डालते ही पैमेंट रिक्वेस्ट अपने आप स्वीकृत हो जाएगी और उसके खाते से पेमेंट हो जायेगी। इस स्कैम से बचने के लिए खाते में अनजान नंबर से पेमेंट आने पर कम से कम आधे घंटे तक बैलेंस चैक ना करें या बैलेंस चैक करने के लिए पहली बार गलत पिन डालें। गलत पिन डालने से आई हुई पैमेंट रिक्वेस्ट कैंसिल हो जायेगी। साइबर ठगी से बचने के लिए सावधान रहना जरुरी है। किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय हैल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हैल्प डेस्क पर दें सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। आप सब भी सचेत रहे। पुलिस नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका इलाज भी करवा रही है।

# नरेंद्र मोदी के शासनकाल में देश में हुए अभूतपूर्व कार्य : योगेन्द्र राणा



**असंध, 20 जून ( दलसिह मान ) :** विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध मंडल द्वारा आयोजित संकल्प से सिद्धि तक-विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम की बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देशहित में किए गए अभूतपूर्व कार्यों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। उन्होंने इस अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं। 26 मई 2014 को शुरू हुई यह यात्रा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित रही। इन वर्षों में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है. आर्थिक मोर्चे पर भारत 2014 में 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों तक पहुंची, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया, जबकि जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया. महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहा, जिसमें 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिए गए और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी. आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। विदेश नीति में भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती साख ने देश को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, असंध मंडल संयोजक विकास कथूरिया, मंडल सह संयोजक डॉ. मीनाक्षी शर्मा, असंध मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, दिलबाग, मीना चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम अवतार जिंदल, सज्जन अत्री, हरि कृष्ण अरोड़ा, बृज टक्कर सहित असंध मंडल के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नूंह लूहिंगा कला से मोबाइल फोन पर रुपए का नकली टेकस्ट मैसेज भेजकर धोखाधड़ी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी, 20 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से के दिशा-निर्देशनुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने मोबाइल फोन पर रुपए का नकली टेक्स्ट मैसेज भेजकर 1 लाख 30 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दूसरे आरोपी साजिद उर्फ बिल्ला पुत्र ईशरिल निवासी लूहिंगा कलां नूंह को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2024 में एक शिकायत थाना में प्राप्त हुई कि निवेदन है कि मैं दयानन्द पुत्र महावीर प्रसाद वासी चैता मोहल्ला हलवाईयों वाली गली हांसी का स्थाई निवासी हूँ। दिनांक 06.06.2024 को मेरी पत्नी सीमा रानी के मोबाइल नम्बर पर किसी अनजान व्यक्ति का मोबाइल नम्बर से फोन आया कि मुझे पैसे देने हैं। जिस पर मेरी पत्नी के मोबाइल पर उस व्यक्ति द्वारा एक टेक्स्ट मैसेज भेज दिया गया। उसके बाद उस व्यक्ति ने मेरी पत्नी के पास फोन किया कि मैने 5 हजार रुपये की जगह आपको 50 हजार रुपये भेज दिये हैं। आप मेरे 50 हजार रुपये वापिस कर दो। जिस पर मेरी पत्नी ने पंजाब नैशनल बैंक के अपने खाता में से उस नाम पता नामालूम व्यक्ति के NSDL PAYMENT BANK LTD के खाता में कुल 1 लाख 30 हजार रुपये डलवा दिये। फिर मेरी पत्नी ने बाद मे मुझे बताया कि उसके साथ फ्राड हो गया। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस अभियोग में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से 5 हजार रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है।

## जय शिव परिवार सेवा मंडल को श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिये दवाइयाँ दी



**पिंजौर, 20 जून ( अजीत सिंह, अख्तर फारूकी ) :** पंजाबी सभा अरोड़ा/खत्री पिंजौर एवं केमिस्ट एसोसिएशन पिंजौर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जय शिव परिवार सेवा मंडल पिंजौर (पंजीकृत) को श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान कैम्प हेतु दवाइयाँ दी। जय शिव परिवार सेवा मंडल पिंजौर द्वारा होलीकैव में जो लोग श्री अमरनाथ यात्रा करते हे उनके लिए प्राथमिक उपचार हेतु कैम्प लगाया जाता है। पंजाबी सभा चेयरमैन नरेन्द्र खन्ना, प्रधान चरनजीत कोहली, केमिस्ट एसोसिएशन प्रधान मोहिंदर कक्कड़, उपप्रधान भूपिंदर सैनी, महासचिव अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे।

# सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**करनाल, 20 जून ( यशपाल कादियान ) :** इफको द्वारा उप कृषि निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभागार में नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति अदिति मौजूद रहीं व बतौर विशिष्ट अतिथि कृषि विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी डॉ सुनील बजाड व उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक इफको करनाल डॉ. निरंजन सिंह, क्षेत्र अधिकारी इफको मोहित ढूकिया सहित जिला की 100 से अधिक पैक्स/सी एस के प्रबंधक व बिक्री केन्द्र विक्रेताओं ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि डॉ सुनील बजाड ने अपने संबोधन में कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रबंधकों को समय पर खाद के लाइसेंस का नवीनीकरण करवाने की सलाह दी व सब-स्टैंडर्ड उत्पादों की बिक्री से समिति को किनारा करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के नये उत्पाद की बिक्री से पहले उसकी गुणवत्ता व प्रमाणिकता की नियमित जांच हो ताकि किसानों को नकली अवमानक उत्पादों से बचाया जाए। मुख्य अतिथि अदिति ने बताया की सभी समितियों को उर्वरक स्टॉक का विवरण बोर्ड पर लिखना होगा। उन्होंने वर्ष 2025 को सहकारिता वर्ष मनाये जाने के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। उन्होंने अपने संबोधन में सभी समिति प्रबंधकों व विक्रेताओं को बताया कि वे किसानों को नैनो उर्वरकों के लाभ समझाएं और अपने भंडारण केंद्रों पर इसकी पर्याप्त मात्रा रखना सुनिश्चित करें। सहकारी समितियों को ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और किसानों को इन उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण देने की सलाह दी गई। इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. निरंजन सिंह ने नैनो उर्वरकों पर चर्चा करते हुए बताया कि इससे किसानों की आमदनी दोगुनी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का निर्माण नैनो तकनीक के आधार पर किया गया है। नैनो यूरिया के प्रयोग से उपज बढ़ने के साथ-साथ उत्पाद की गुणवत्ता में भी वृद्धि होती है और इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। नैनो डी ए पी के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की नैनो डी ए पी भी परंपरागत डीएपी का विकल्प है व यह भी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में कारगर है। नैनो डीएपी 500 मिली एक एकड़ में प्रयोग होता है, जो 250 मिली मात्रा बीज (5 मिली प्रति किलो बीज) या कंद, पनीरी, पौध (5 मिली प्रति लीटर पानी) में इस्तेमाल होगा व बचा 250 मिली 100 लीटर पानी में मिलाकर 30-35 दिन की फसल पर स्प्रे करना है। धान में 250 मिली नैनो डी ए पी को 100 लीटर पानी मे मिलाकर धान की एक एकड़ की पौध को उसमें 30 मिनट डुबा कर उपचारित करके रोपाई करें। बची 250 मिली नैनों डीएपी की आधी बोतल की मात्रा का प्रयोग रोपाई के 30-35 दिन बाद 100 लीटर पानी प्रति एकड़ मे प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के छिड़काव के लिये ड्रोन की सुविधा भी किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही है, जहां किसान अपने खेत में ड्रोन से स्प्रे करवा सकते हैं।

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा, 20 जून ( जगतार समालसर ) :** अनाज मंडी ऐलनाबाद में स्थित किसान रेस्ट हाऊस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की यात्रा को समर्पित ऐलनाबाद मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीर चन्द तलवाड़ा ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष समिन्द्र कम्बोज ने की। समिन्द्र कम्बोज ने इस अवसर पर कहा कि जनहित में मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, निर्णायक और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।



इन 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी मजबूती से साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार ने ही दिया। हरियाणा की नायब सरकार की प्रशंसा करते हुए मण्डल महामंत्री दीपक मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार जनहित में योजनाएं बनाकर लोगों के जीवन को सरल बना रहे हैं। अमीर चन्द तलवाड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष समिन्द्र कम्बोज, मण्डल महामंत्री दीपक मेहता, गणेश चावरिया, भाजपा मण्डल सचिव राम किशन कम्बोज, जसवीर सिंह चहल, रमेश भादू, नरेश अरोड़ा, रवि गिजवानी, रवि लढ़ा, राम कुमार सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योग केवल अभ्यास नहीं, जीवन जीने की कला है : सुभाष बराला

**भूना, 20 जून ( ब्यूरो ) :** एवीएम स्कूल, नाढोड़ी में ओमेन ध्यान एवं योग संस्थान के तत्वावधान में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।



सांसद सुभाष बराला ने उपस्थितजनो को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम भर नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक ऐसी कला है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन और ऊर्जा के सूत्र में पिरोती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा तनाव, चिंता और रोगों से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं पहल के परिणामस्वरूप आज योग को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिली है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया जाना भारत के लिए गर्व का विषय है। आज विश्व के सैकड़ों देश न केवल योग को स्वीकार कर रहे हैं, बल्कि इसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए अपनाकर भारत की इस प्राचीन एवं दिव्य परंपरा से लाभान्वित हो रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है। सांसद ने कहा यह शिविर केवल योगाभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि ध्यान, अनुशासन और आत्मिक शुद्धता के माध्यम से एक संतुलित और सकारात्मक जीवन की प्रेरणा का केंद्र बना। ऐसे आयोजन समाज में न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को भी सशक्त करते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ओमेन योगी, आत्मा राम बिश्नोई, विनोद खीचड़, विनोद टिब्बी, मदन, जिले सिंह, मंजीत जांडली, गुलाब शर्मा, चंद्रलाल सोनी सहित पूरी स्कूल प्रबंधन समिति, स्थानीय ग्रामीणजन और विद्यालय के बच्चे सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर सभी विभागों के अधिकारी करें गंभीरता से कार्य : भूमिका वर्मा

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** जल शक्ति अभियान के तहत जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। वन विभाग के सहयोग से जिला में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं तथा उनकी देखभाल भी अच्छे तरीके से की जाए। दौरे के दौरान गांव में मिले सुझाव के तहत जिला में मुख्यालय स्तर पर एक ऐसा प्रस्ताव भी भेजा जाए, जिसमें किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन देते समय कुछ पौधे लगाने अनिवार्य किए जाएं। इसके अलावा ग्रे वॉटर को उपयोग में लाने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी कोई प्लान तैयार किया जाए। जल संरक्षण को लेकर सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ गंभीरता से कार्य करें। केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा शुक्रवार को अपने दौरे के तीसरे दिन लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में जल शक्ति अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जल सहेली तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से जल संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि हमें सभी को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना है, जिसमें जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। इसमें आमजन की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर नल में जल पहुंचाया जा रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी ध्यान रखें कि पानी की गुणवत्ता अच्छी हो। इसके अलावा वाटर टेस्टिंग किट का उपयोग कैसे किया जाना है, इसकी भी पूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि सही डाटा मिल सके। दौरे के दौरान नैना गांव के स्कूल में जो किचन गार्डनिंग का जो बेहतरीन कार्य किया है, इसके बारे में आसपास के स्कूलों को जागरूक करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि यह प्री-मानसून विजीट है, इसलिए जो भी लंबित कार्य हैं, उन्हें तेजी से पूरा करना सुनिश्चित करें। मनरेगा के तहत नहरों व ड्रेनों की सफाई चल रही है, इसमें भी तेजी लाएं। कृषि विभाग द्वारा डीएसआर तकनीक से धान की खेती करने पर पानी बचत होती और सरकार द्वारा भी किसान को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके बारे में किसानों को जागरूक करें। इस मौके पर जल सहेली रचना ने भी अपने विचार साझा किए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल का हुआ आयोजन

**असंध, 20 जून ( दलसिह मान ) :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को नई अनाज मंडी परिसर में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों , स्कूली बच्चों सहित योग साधकों ने भाग लिया। इस मौके पर एसडीएम राहुल ( आई ए एस)ने रिहर्सल का अवलोकन किया और प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम शनिवार 21 जून को प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक नई अनाज मंडी परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असंध के विधायक योगेंद्र राणा शिरकत करेंगे। एसडीएम ने इस मौके पर कहा कि आज पायलट रिहर्सल के अवसर पर जो भी योग क्रियाएं की गई हैं, मुख्य कार्यक्रम में भी सभी क्रियाएं ऐसे ही होंगी। मुख्य स्टेज से जैसे क्रियाएं की जाए वैसे ही अन्य को भी करनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभी तक जो व्यवस्था शेष रह गई हैं उनको समय से पूरा करें। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छ पेय जल, अस्थाई शौचालयों



तथा बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट का प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 21 जून को निर्धारित समय पर स्कूली बच्चों तथा अपने-अपने विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। योग प्रोटोकॉल के दौरान योग शिक्षक माया राम शास्त्री, प्रदीप शर्मा, सुदेश, संजीव गर्ग, पंकज बिंदल, सुनीता गोयल, द्वारा योग साधकों को विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाई गई तथा प्रोटोकॉल के दौरान योग विशेषज्ञ एवं आयुष विभाग की ओर से नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज द्वारा योग साधकों को विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाई गई तथा योग साधकों को इन सभी आसनों से मिलने वाले लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर डीएसपी महावीर सिंह, नायब तहसीलदार राधेश्याम, एस एच ओ विष्णु मित्र, आयुष विभाग असंध के ब्लॉक इंचार्ज एएमओ डॉ. सतीश, पतंजलि योग समिति असंध ब्लॉक प्रभारी एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा, डॉ मुस्कान, डॉ राकेश, सुनील फार्मासिस्ट, सुनील ढुल, असंध ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी सुपरवाईजर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा से महिलाओं की यात्रा होगी सुरक्षित : सुरेंद्र सिंह भौरिया

**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को डायल-112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाना होगा।



पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। यात्री की निगरानी हरियाणा डायल-112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा सांझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सफर करते समय युवतियां व महिलाएं टैक्सी व अन्य साधन में बैठते ही अपने घर पर अपने परिचितों से मोबाइल कॉल पर बात करती हैं। लेकिन अब महिलाओं की ट्रिप को पुलिस भी मॉनिटर करेगी ताकि इस दौरान इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई अपराध न हो। महिलाओं से अपील है कि वे अपनी यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा दी जा रही ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का प्रयोग करे।

**पुलिस द्वारा दी जा रही महिला सुरक्षा को प्राथमिकता : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। महिला सुरक्षा को लेकर संवेदनशील स्थानों, स्कूल/कॉलेज के आसपास पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्त की जा रही तथा महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निगरानी की जा रही है। पुलिस की महिला सुरक्षा समर्पित सेफ सिटी टीम महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक कर रही है। इसके साथ-साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी निगरानी जारी है। इसी कड़ी में सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने शुक्रवार आईटी आई छछरौली मे छात्राओं को 112 एप डाउनलोड करवाया और ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में बताया।

# एनआईसी निदेशक ने किया जिले का दौरा

**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ) :** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ निदेशक एवं एएसआईओ अनुज महाजन तथा गुरप्रीत लहल ने हिसार जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त अनीश यादव से मुलाकात की और जिले में चल रही एवं प्रस्तावित आईटी परियोजनाओं और ई-गवर्नेंस पहलों की समीक्षा की। उपायुक्त अनीश यादव ने डीआईओ को निर्देश दिए कि वे सूचना प्रौद्योगिकी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग करते हुए जिला प्रशासन की विभिन्न व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाएं। उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से सेवाओं की दक्षता में वृद्धि की जा सकती है और आमजन को त्वरित व सरल तरीके से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। बैठक में नगराधीश हरिराम, एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक भारद्वाज और अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योति भी उपस्थित रहे। डीआईओ दीपक भारद्वाज ने जिले

**आईटी परियोजनाओं व ई-गवर्नेंस पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**



में डिजिटल पहल, आईटी अवसंरचना और नागरिक सेवाओं में तकनीक के प्रयोग से जुड़ी प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की।

वरिष्ठ निदेशक अनुज महाजन ने साइबर सुरक्षा पर जोर देते हुए सरकारी कार्यालयों में डिजिटल जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को सरकारी ईमेल आईडी का प्रयोग सुनिश्चित करना चाहिए ताकि संचार प्रणाली अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय हो सके। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शासन प्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन रही है। ई-गवर्नेंस नागरिकों तक सेवाएं सरलता से पहुंचाने का माध्यम बन रही है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में गति आई है। उन्होंने जिले में आईटी अवसंरचना को और मजबूत करने पर बल दिया ताकि भविष्य की डिजिटल आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में जिला प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# दिनदहाड़े युवक से लूटपाट, बदमाशों ने की मारपीट, 18 हजार रुपये लूटे

**सफीदों, 20 जून ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों उपमंडल के गांव बहादुरपुर में दिनदहाड़े लूट की वारदात ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। बुधवार शाम तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को निशाना बनाते हुए उसके साथ मारपीट की और 18 हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी मदद से पुलिस आरोपियों की पहचान में जुट गई है। बहादुरपुर निवासी पीड़ित सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जून को वह शाम करीब 6:30 से 7:00 बजे के बीच गांव साहनपुर से वापिस अपने गांव बहादुरपुर लौट रहा था कि रास्ते में जब वह सिंघपुरा गांव के पास तीन नंबर रजबाहा से उतरकर गांव की ओर बढ़ा , तभी एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। सुनील के बताया कि बदमाशों ने पहले उसके साथ गाली-गलौज की, फिर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बदमाशों ने उसके पास मौजूद 18 हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। सुनील ने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की, जिसमें बदमाश मोटरसाइकिल के साथ दिखाई दिए।

थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 304, 3 (5) BNS के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# महिला से बहला-फुसला कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** थाना बिलासपुर की पुलिस की टीम ने महिला से बहला फूसला कर शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म के आरोप में आरोपी भूपेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बिलासपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि 2013 में जब वह 16 वर्ष की थी तो उसी के स्कूल में पढ़ने वाला आरोपी भूपेंद्र कुमार उसको मिला और कहने लगा कि मैं आपसे प्यार करता हूं और शादी करना चाहता हूं। आरोपी ने मुझको शादी का झांसा देकर मेरे से मेरी सहमति के बिना मुझसे लगातार गलत काम करता रहा।

जब वह आरोपी को शादी के लिए कहती तो वह कहता कि मैं तेरे साथ 2024 में शादी कर लूंगा मेरे घर में कोई मजबूरी है। वह बार-बार मेरे साथ गलत काम करता था जब मैं शादी के लिए कहती तो मेरे साथ गाली गलौज की और कहने लगा मैं तुझ जैसी से शादी नहीं करूंगा और धमकियां देने लगा। जिसके कारण वह परेशान होकर डिप्रेशन में चली गई। जिससे उसने परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिसको उसके परिजनों ने अस्पताल में दाखिल करवा दिया। इस शिकायत पर थाना बिलासपुर में पोस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई कोमल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए गांव कपूरी खुर्द निवासी भूपेंद्र कुमार उर्फ सोनू पुत्र परमजीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल संपन्न

**सफीदों, 20 जून ( एस.के. मित्तल ) :** उपमंडल प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सफीदों की नई अनाज मंडी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य योग' थीम के साथ आयोजित इस रिहर्सल में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन और नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार दीक्षित की देखरेख में योग साधकों ने एकरूपता के साथ योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। रिहर्सल में स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, आमजन, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयुष विभाग के डॉ. संदीप सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राकेश शर्मा, सतीश



कुमार सहित अन्य योग साधकों ने भी इसमें शिरकत की। इस अवसर पर अनिल दीक्षित ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की पद्धति है और इसे हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज योग का महत्व पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ता है। नियमित योगाभ्यास से कई बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से 21 जून को आयोजित योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

**21 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा योग दिवस**

ईओ अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम मुख्य अतिथि होंगे। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम नई अनाज मंडी में आयोजित होगा, जबकि पिल्लूखेड़ा में ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम होगा।

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट 1 लाख से अधिक प्रतिभागी आज करेंगे योग : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 11वें राज्यस्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक लोग एक साथ योग करेंगे। इस योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे और पतंजलि योगपीठ से योग गुरु स्वामी रामदेव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, आयुष विभाग, पतंजलि योगपीठ और हरियाणा योग आयोग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह देर सायं ब्रह्मसरोवर स्थित सभी कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करने के उपरांत बातचीत कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को एक यादगार कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक व सफल बनाने में प्रशासन की सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रहेगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक साथ एक लाख प्रतिभागियों के साथ योग करने का संकल्प लिया है, जिसको को पूरा करने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। इस योग कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ, हरियाणा योग आयोग व जिला की विभिन्न संस्थाओं के 1 लाख से अधिक प्रतिभागी शिरकत करके एक नया विश्व रिकार्ड बनाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उच्चस्तरीय तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में पहुंचने के लिए यातायात व्यवस्थ का पुख्ता प्रबंध किया गया है। वाहनों की पार्किंग पर्याप्त मात्रा में चिन्हित कर ली गई है। सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के समापन पर सबसे पहले स्कूली विद्यार्थियों को रवाना किया जाएगा।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिलों सहित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी, 20 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला भर में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाते हुए थाना शहर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी बलकार उर्फ कालिया पुत्र विनोद निवासी झमोला जीन्द को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनों पहले एक मोटरसाइकिल को न्यू सुभाष नगर हांसी मंगलम हॉस्पिटल के सामने से दुसरे मोटरसाइकिल को रेलवे स्टेशन रोहतक से व तीसरे मोटरसाइकिल को शहर कैथल से मोटरसाइकिल चोरी किए थे। थाना शहर हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को रेलवे रोड़ नजदीक नहर पुल से गिरफ्तार कर लिया गया है। मोटर साइकिलों को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।



## नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए डीएलएसए द्वारा लगाए जा रहे हैं शिविर




**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी के साथ मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके तहत इंदिरा कॉलोनी में यह कैंपेन चलाया गया और और लोगों को नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया। इस कैंपर में आमजन को नशीली दवाईयों के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें नालसा (डीएडब्ल्यूएन- ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## डीएलएसए के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान



**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए उनको उनके अधिकार बताने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिसके तहत डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है। गठित टीम द्वारा गांव कनीपला में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया गया। इस दौरान आमजन को डीएलएसए द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही नालसा स्कीमस की भी जानकारी दी गई। डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने किया महिला थाना और सरकारी अस्पताल का दौरा



**करनाल, 20 जून ( परमजीत कौर ) :** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगेराम एवं मीना शर्मा ने शुक्रवार को स्थानीय सिविल थाना, महिला थाना और सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरे का उद्देश्य जिले में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मौजूदा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना था। उन्होंने कहा कि हर थाने और अस्पतालों में चाइल्ड फ्रेंडली रूम उपलब्ध होना चाहिए ताकि बच्चे डर और तनाव से मुक्त वातावरण में इलाज और सहायता प्राप्त कर सकें। यह चाइल्ड फ्रेंडली रूम जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 और एनसीपीसीआर की गाइडलाइन के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि चाइल्ड फ्रेंडली रूम में सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए तथा उसका रिकॉर्ड भी मेंटेन होना चाहिए। इस मौके पर थाना प्रबंधक भगवान सिविल थाना, सिविल अस्पताल से डॉ दीपक, डॉ रजनीश, डॉ परुथी भी मौजूद रहे।

## पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : एडवोकेट सुखबीर मान



**असंध, 20 जून ( दलसिंह मान ) :** आर्य कन्या गुरुकुल मोर मात्रा में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया। गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान एडवोकेट सुखबीर मान ने कहा कि प्राकृतिक धरोहर के साथ निर्बाध गति से छेड़छाड़ हो रही है। पर्यावरण संरक्षण सभी के लिए चुनौती बनी है। इस से निपटने के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा आवश्यक लगाना चाहिए। पेड़ पौधे ऑक्सीजन के स्रोत है। इसलिए पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। एडवोकेट सुखबीर मान ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन रूपी पोधारोपण के लिए समाज को आगे आना होगा। तभी हम भविष्य को बेहतर भविष्य सौंप सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दलीप सिंह मान, सचिव ओमप्रकाश, मैनपाल मान, पूर्व सरपंच मेहर सिंह, राज सैनी, बल्ला मंडल प्रधान जय भगवान जांगड़ा, जयपाल, बजिंदर, कुलबीर, राजरूप मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल संपन्न : डॉ सौरव वत्स



**निसिंग, 20 जून ( जोगिंदं सिंह ) :** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार पुण्डरी की नई अनाज मंडी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक पुंडरी के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरभ वत्स ने की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग अभ्यास सत्र में ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन एवं शीतली प्राणायाम का अभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश सिंगला ने स्वयं योग साधकों के साथ योग कर उदाहरण प्रस्तुत किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा, योग जीवन का आधार है। योग करने से जीवन निरोग होता है। सभी को चाहिए कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को योगयुक्त-नशामुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सर्जन सिंह ने किया। मंच पर योग सहायक संदीप चहल एवं नरेश द्वारा योग का सजीव प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग से खुशी राम (आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट), जीवन, अंकुश (आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट) तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विवेक (योग सहायक) ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम समापन पर डॉ. सौरव वत्स ने मुख्य अतिथि व सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद करते हुए कहा योग केवल आसन, मुद्रा या प्राणायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पूर्ण कला है और इसे हमें अपने स्वभाव का हिस्सा बनाना चाहिए। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नरेश बनवाला, तान सिंह, दिलबाग सिंह (योगाचार्य), विंका, ब्रिजेश सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत, एक घायल





**सफीदों, 20 जून ( एस. के. मित्तल ) :** जींद-सफीदों रोड पर गांव रताखेड़ा के पास वीरवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन चालक बाइक को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। घायलों को राहगीरों द्वारा सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने पानीपत की शेट्टी कॉलोनी निवासी साहिल (25) को मृत घोषित कर दिया। वहीं हिसार की ठंडी सड़क, मीट मार्किट निवासी प्रवीन (42) को प्राथमिक उपचार देकर जींद रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए घायल प्रवीन ने बताया कि उसका भांजा साहिल उसके पास हिसार आया हुआ था। हिसार से वह बाइक पर सवार होकर उसे छोड़ने के लिए पानीपत जा रहा था। जैसे ही वह सफीदों के गांव रताखेड़ा के पास पहुंचे तो, पीछे से एक अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों गिर गए और साहिल के ऊपर से गाड़ी चालक ने गाड़ी उतार दी। जिससे साहिल की मौत हो गई। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साहिल उसके परिवार में इकलौता लड़का था। अब परिवार में उसकी मां रह गई है। साहिल के पिता की कोरोना के दौरान मौत हो गई थी। साहिल उसकी मां का इकलौता की सहारा था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल प्रवीन के बयान दर्ज करके अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# हर रोज जरूरी है योग : नायब तहसीलदार स्नेहा

**मूनक, 20 जून ( जयभगवान ) :** खंड कार्यालय के हाल में शुक्रवार को सुबह 6 से 8 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रैक्टिस की गई। जिसकी देखरेख नायब तहसीलदार स्नेहा की दिशा निर्देश में हुई। योग के साथ योग जागरण यात्रा भी निकल गई। उन्होंने बताया कि हमें हर रोज अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक करना चाहिए और अपने बच्चों को भी योग करवाना चाहिए। योग से शरीर हस्ट-पुष्ट रहता है और शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है। जिस तरीके से हम घरों की सफाई रखते हैं उसी तरीके से हमें अपने शरीर के अंदर को साफ सफाई व स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक करना चाहिए। योग करने से मनुष्य का मन शांत रहता है। हर वर्ष 21 जून को योग अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी गांव में और देश-विदेश में योग कर इसको बनाया कल स्वास्थ्य के बारे में संदेश देता है। हमारा देश ऋषि मुनियों का देश है जहां के ऋषि मुनि योग साधना से हजारों वर्ष तक जीवित रहने की क्षमता रखते थे। हमें भी उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर योग करना चाहिए। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रितेश चहल, डॉ भारती वत्स, डॉक्टर भावना गुप्ता, डॉक्टर विनीत, सरपंच फूल कुमारी, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, अभिषेक, नीरज, आयुष योग सहायक सुमन संधू, कुसुम रानी, राजेश, पंचायत मेंबर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जिला में खाद ना मिलने के कारण किसानों के सामने बहुत बड़ा संकट पैदा हो रहा है : सुभाष गुर्जर



**यमुनानगर, 20 जून ( संजीव कुमार ) :** प्रदेश सरकार सुविधा देने के नाम पर केवल झूठी वाह वाही लूट रही है आज भी अगर किसान को फसल के समय खाद नहीं मिलता तो आप तय कर सकते हैं कि प्रदेश के हालात कैसे हैं। खाद न मिलने की नाकामी के पीछे सरकार के प्रबंधन का पूरा तरह फेल होना है जिसमें भ्रष्टाचार सरेआम दिखाई दे रहा है। यह शब्द भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने आज अपने कार्यालय में कहे। मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दीपराम नंबरदार विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में खाद न मिलने को लेकर किसानों के सामने संकट पैदा हो रहा है कि किसान इधर-उधर अपनी फसल को लगाने के लिए खाद की कमी पूरा करने के लिए भाग रहे हैं। लेकिन हर जगह से उसे मायूसी ही मिल रही है। सरकारी एजेंसियों का केवल एक ही उत्तर है कि खाद पीछे से नहीं आ रहा है प्रश्न है कि जो खाद जिला में मिलना है वह जा कहां रहा है इसका भी एक बड़ा सवाल पैदा होता है। कौन लोग इसमें भ्रष्टाचार कर रहे हैं और आखिर में खाद किसानों को क्यों नहीं मिल रहा है इस पर सरकार हस्तक्षेप करें लोगों को जवाब दे। उन्होंने कहा कि यह समय किसान के लिए महत्वपूर्ण होता है जब उसकी फसल लगानी होती है और धान की फसल के लिए किसान को दिन-रात खेत में खड़ा होकर पानी को रोकने के लिए मेहनत करनी पड़ती है ऐसे में यदि खाद न मिले तो उसकी फसल लगाने का जो कार्य जोरों पर चल रहा है वह बेकार हो जाता है। ऐसे में किसान हताश है और आखिर में जाए तो कहां जाए। उन्होंने कहा रबी और खरीफ की फसल के समय जब बुवाई का कार्य होता है तो हर बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं कि किसान को उस समय जब उसे खाद की जरूरत होती है तो नहीं मिल रहा है। गुर्जर ने कहा कि इस पर सरकार अपने इंतजाम पूरे करके किसान को खाद दिलवाए सरकार वाह-वही का झूठा प्रचार प्रसार करके अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो किसान अपने-अपने पैक्स केन्द्रों पर संबंधित खाद मिलने वाले संस्थानों पर कब्जा करके तालाबंदी कर देंगे। और किसी भी प्रकार की लेनदेन का कार्य नहीं होने देंगे। गुर्जर ने कहा कि किसी भी पैक्स केंद्र पर खाद नहीं पहुंच रहा है जब किसान प्राइवेट दुकानों पर जाते हैं तो प्राइवेट दुकानों पर भी कंपनियां शर्तें लगाकर किसान को खाद लेने पर मजबूर करती है। जो बहुत महंगा पड़ता है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार किसान को खेती से दूर करना चाहती है। और किसान की जमीन कॉर्पोरेट घरानों को सौंपना चाहती है। ताकि किसान दिहाड़ी मजदूरी करें।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**नीलोखेड़ी, 20 जून ( सुरेश कुमार मिड्डा ) :** मां वैष्णो सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि 22 जून को बजरंग सेवा दल बारात घर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिग्नस अस्पताल के डाक्टरों की टीम मरीजों की जांच करेगी और निशुल्क इलाज किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में विभिन्न बिमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी और मरीजों का नि:शुल्क ईलाज किया जाएगा। शिविर में हार्ट, डिस्क प्राब्लम, पथरी, दुर्घटना में हड्डी का टूटना, शुगर, ब्लड प्रेशर, नसों का दर्द, शरीर का टूटना, बुखार रहना तथा शरीर में कमजोरी महसूस होना आदि बीमारियों का ईलाज किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड्स वालों के आपेशन निशुल्क किए जाएंगे।

# शरीर का ही नहीं, मन और आत्मा का भी उत्थान करता है योग : मेयर सुमन बहमनी



**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम रहेगी। यमुनानगर भी इस ऐतिहासिक अवसर के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार योग दिवस को और प्रभावी बनाने के लिए वन अर्थ, वन हेल्थथीम के साथ यमुनानगर में योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान भी जोड़ा गया है। मेयर बहमनी शुक्रवार को जगाधरी के एक स्कूल में आयोजित योग शिविर में योग करने के बाद संबोधित कर रही थी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि योग केवल शरीर का ही नहीं, मन और आत्मा का भी उत्थान करता है। हम सभी को मिलकर नशे जैसी बुराइयों से समाज को मुक्त कराना है। नशा एक ऐसी बुराई है, जो राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए जरूरी है कि हम शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें। फिट इंडिया मूवमेंट और योग दिवस इसी दिशा में एक मजबूत कदम हैं, उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा 21 जून को विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इनमें विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में योग अभ्यास कराया जाएगा और नागरिकों को योग के फायदों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पूरे विश्व में योग दिवस की धूम है और हम सबको इसमें सक्रिय भागीदारी करनी है। योग करें, नशा छोड़ें और स्वस्थ जीवन अपनाएं। इस बार का योग दिवस सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है स्वस्थ जीवन, स्वस्थ हरियाणा और विकसित भारत का। उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की है कि सभी 21 जून की सुबह मिलकर योग करें।

# अवैध शराब के साथ एक काबू

**सफीदों, 20 जून ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को काबू करने में सफलता प्राप्त कीहै। आरोपी के पास से नीले रंग की प्लास्टिक कैन में अवैध शराब रखी मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल जितेंद्र (HC) को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ का सुरजीत सिंह अपने घर में अवैध शराब बेच रहा है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर छापा मारा। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया और भागने की कोशिश की, लेकिन उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। तलाशी के दौरान घर के आंगन में रखी नीले रंग की प्लास्टिक कैन से कैन में 20 लीटर अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

## जीवन में लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें और कड़ी मेहनत करके उसे हासिल करें विद्यार्थी : डीसी प्रीति

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने कहा कि जीवन में लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए। लक्ष्य को प्राप्त करने में चुनौतियां जरूर आती हैं। कई बार असफलता का सामना भी करना पड़ जाता है, लेकिन असफलता मिलने पर हमें निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उससे सीख लेते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें। समय बहुत कीमती होता है, इसे व्यर्थ न गवाएं, इसका सदुपयोग करें। डीसी प्रीति शुक्रवार को अंबाला स्थित जेड किंग हारट्रेन सेंटर के 19वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि अपने अंदर स्किल को विकसित करें और अपनी क्षमताओं को बढ़ाते रहें। पढ़ाई के साथ साथ समाज व दुनिया के बारे में अपडेट रहने के लिए समाचार पत्र जरूर पढ़ें। खुद को प्रोत्साहित करने के लिए मोटिवेशनल स्टोरी जरूर पढ़ें। जीवन में एक अच्छा अधिकारी, कर्मचारी या बिजनेस मैन बनने के साथ साथ एक अच्छा इंसान जरूर बनें। बुराईयों से दूर रहें और समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में पहुंचने पर ब्रांच के संचालक बलविंद्र ढुल ने डीसी प्रीति का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया और उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सैनी, रेडक्रास सचिव रामजी लाल, डा. बीरबल दलाल, पंकज आत्रेय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सीएम विंडो व एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों का त्वरित करें समाधान : अतिरिक्त उपायुक्त



**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ) :** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने समाधान शिविर, सीएम विंडो व एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि सभी विभाग अपनी शिकायतों को श्रेणी के अनुसार प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर, सीएम विंडो व एसएमजीटी पोर्टल पर जिन शिकायतों में एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड नहीं हुआ है, उसे तीन दिन के भीतर अपलोड किया जाए। शिकायतों के निपटारे में देरी या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कच्चे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग



**यमुनानगर, 20 जून ( संजीव कुमार ) :** यमुनानगर में सेंट्रल इंडियन ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि आज पूरे हरियाणा में कच्चे कर्मचारी न्यूनतम वेतन लागू किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में यमुनानगर में भी प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर का वेतनमान बहुत कम है। और वह कई महीनो तक नहीं मिलता। अपना वेतन लेने के लिए प्रदर्शन करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूनतम वेतन लागू किया जाए और वेतन हर महीने मिले ताकि वह अपने परिवार का गुजर बसर कर सके। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल है जिसमें सभी ट्रेड यूनियन के कर्मचारी बढ़कर चढ़कर भाग लेंगे, ताकि हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाया जाए और जब तक पक्के नहीं होते तब तक न्यूनतम वेतन लागू करवाया जाए।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को : डॉ इरम हसन

**करनाल, 20 जून ( सोनी दुआ ) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ इरम हसन ने बताया कि 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान वैवाहिक व पारिवारिक मुकदमों इत्यादि का निपटारा किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय मे लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए मुकदमों की कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत के माध्यम से फैसला होने से धन व समय की बचत होती है और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. संपर्क किया जा सकता है।

# सीटीसी में ग्रेच्युटी की गणना कैसे की जाती है

आसान फॉर्मूला और इसके फायदे वेतन में ग्रेच्युटी नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को दिया जाने वाला एक मौद्रिक पुरस्कार है। यह एकमुश्त राशि है जो किसी कर्मचारी द्वारा न्यूनतम 5 वर्ष की अवधि तक एक ही संगठन में सेवा करने के बाद नौकरी छोड़ने पर दी जाती है।




जब आपको जॉब ऑफर लेटर मिलता है तो कंपनी अक्सर आपके CTC का उल्लेख करती है। यह वह कुल राशि है जो वे एक कर्मचारी के रूप में आप पर खर्च करते हैं। इस ष्टज्ञष्ट में कई घटक शामिल होते हैं, जिनमें से एक प्रमुख तत्व जो अक्सर आपके ष्टज्ञष्ट में शामिल होता है, वह है ग्रेच्युटी। यह एक ऐसा लाभ है जो नियोक्ता अपने कर्मचारियों को उनकी सेवा के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में देते हैं। जब आप किसी नई कंपनी में शामिल होते हैं तो नियोक्ता आपके ऑफर लेटर में उल्लिखित कर्मचारी भविष्य निधि के साथ इस लाभ को भी शामिल करते हैं। ईपीएफ की गणना आसान है, लेकिन ग्रेच्युटी की गणना को समझना थोड़ा जटिल हो सकता है।

ग्रेच्युटी क्या होती है?-वेतन में ग्रेच्युटी नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को दिया जाने वाला एक मौद्रिक पुरस्कार है। यह एकमुश्त राशि है जो किसी कर्मचारी द्वारा न्यूनतम 5 वर्ष की अवधि तक एक ही संगठन में सेवा करने के बाद नौकरी छोड़ने पर दी जाती है। ग्रेच्युटी राशि की गणना कर्मचारी के मूल वेतन का उपयोग करके की जाती है और यह कंपनी की नीतियों और सेवा की अवधि के आधार पर भिन्न होती है। भारत में यह भुगतान ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के अंतर्गत आता है।

ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972-ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972, भारत में एक कानून है जो ग्रेच्युटी के भुगतान को नियंत्रित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को उनके लाभों के एक हिस्से के रूप में ग्रेच्युटी मिले। कंपनियाँ अक्सर आपके ऑफ़र लेटर में उल्लिखित वेतन विवरण में ग्रेच्युटी शामिल करती हैं। यह ग्रेच्युटी आपके मूल वेतन पर आधारित होती है, जिसका उल्लेख आपके ऑफ़र लेटर में किया जाता है और इसका भुगतान तब किया जाता है जब नियोक्ता कम से कम 5 साल तक वहाँ काम करने के बाद किसी संगठन को छोड़ देता है।

ग्रेच्युटी की गणना कैसे की जाती है?-

ग्रेच्युटी की गणना कर्मचारी द्वारा प्राप्त अंतिम मूल वेतन के आधार पर की जाती है। नीचे सूचीबद्ध घटक हैं जो ग्रेच्युटी राशि की गणना में किये जाते हैं। यह राशि कंपनी में सेवा किए गए वर्षों की संख्या और अंतिम प्राप्त वेतन पर भी निर्भर करती है।

संगठन में सेवा किए गए वर्षों की संख्या

= डीए सहित मूल वेतन

15/26 = 15 दिनों के आधे महीने के मुआवजे को परिभाषित करता है और 26 एक महीने में कार्य दिवसों की संख्या को दर्शाता है (रविवार को छोड़कर)

उदाहरण के लिए - -

किसी ने 20 साल तक किसी कंपनी में काम किया है और उसका अंतिम मूल वेतन और डीए राशि 25,000 रुपये थी, तो - उसकी ग्रेच्युटी राशि = 20*25,000*15/26 = 2,88,461.54 रुपये

हालाँकि, नियोक्ता किसी कर्मचारी को अधिक ग्रेच्युटी देने का विकल्प चुन सकता है। साथ ही रोजगार के अंतिम वर्ष में महीनों की संख्या के लिए छह महीने से अधिक की राशि को अगली संख्या में पूर्णांकित किया जाता है जबकि रोजगार के अंतिम वर्ष में छह महीने से कम की राशि को पिछली निचली संख्या में पूर्णांकित किया जाता है।

ग्रेच्युटी के लाभ ग्रेच्युटी के लाभ नीचे दिए गए हैं-

- कर्मचारी का आत्मविश्वास बढ़ाता है- भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा की भावना प्रदान करके कर्मचारी का आत्मविश्वास बढ़ाता है। - कर्मचारी वफ़ादारी- यह दर्शाता है कि नियोक्ता अपने कर्मचारी के योगदान और दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण को महत्व देते हैं, जिससे वफ़ादारी और सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा मिलता है। - उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करता है- यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को उनकी सेवा के वर्षों के लिए उचित मुआवज़ा मिले, खासकर बर्खास्तगी, मृत्यु या विकलांगता के मामलों में।

उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करता है- यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को उनकी सेवा के वर्षों के लिए उचित मुआवज़ा मिले, खासकर बर्खास्तगी, मृत्यु या विकलांगता के मामलों में।

- वित्तीय सुरक्षा- सेवानिवृत्ति के बाद महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करता है, कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवा, यात्रा और सेवानिवृत्ति के बाद की अन्य ज़रूरतों जैसे खर्चों को पूरा करने में मदद करता है।
- सेवानिवृत्ति योजना में मदद करता है- सेवानिवृत्ति योजना का एक अनिवार्य हिस्सा बनता है, एकमुश्त भुगतान प्रदान करता है जो पेंशन या व्यक्तिगत बचत को पूरक करता है।
- नियोक्ता-कर्मचारी संबंध में सुधार करता है- विश्वास और आपसी सम्मान बनाता है, क्योंकि ग्रेच्युटी की पेशकश नियोक्ता की अपने कर्मचारियों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
- कानूनी संरक्षण- ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 कर्मचारियों के ग्रेच्युटी के अधिकार को सुनिश्चित करता है, भुगतान की गारंटी देता है और नियोक्ताओं द्वारा इनकार या देरी को रोकता है।
- कर लाभ- ग्रेच्युटी एक निश्चित सीमा तक कर-मुक्त होती है, जिससे कर्मचारियों को कर बचत होती है और उनकी समग्र कर देयता कम हो जाती है।

# डीएलएफ ने गुरुग्राम में 11 हजार करोड़ में बेचे 1164 लग्जरी अपार्टमेंटस




कंपनी ने इस 116 एकड़ की टाउनशिप में पिछले साल दो परियोजनाएं शुरू की थीं और उन्हें करीब 12,800 करोड़ रुपये में पूरी तरह बेच दिया था। डीएलएफ देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपनी नई आवासीय परियोजना शुरू होने के एक सप्ताह के भीतर सभी 1,164 लक्जरी अपार्टमेंट करीब 11,000 करोड़ रुपये में बेच दिए हैं।

डीएलएफ ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में अपनी नवीनतम लक्जरी पेशकश 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' को बेचने की घोषणा की। यह बिक्री परियोजना शुरू होने के केवल एक सप्ताह के भीतर करीब 11,000 करोड़ रुपये में की गई। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 76 व 77 में 116 एकड़ की एकीकृत टाउनशिप 'डीएलएफ प्रिवाना' का हिस्सा है।

'डीएलएफ होम डेवलपर्स' के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी आकाश ओहरी ने कहा, '' यह डीएलएफ के व्यापक स्तर के आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को दर्शाता है ...'' उन्होंने कहा कि मजबूत बिक्री प्रतिक्रिया डीएलएफ की पेशकशों के लिए स्पष्ट मांग को दर्शाती है जो हमारी पिछली परियोजनाओं की सफलता से प्रेरित है।

ओहरी ने कहा, '' हमने भारत और दुनिया भर के खरीदारों की इसमें रुचि देखी।''

इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि डीएलएफ गुरुग्राम में इस नई लक्जरी आवास परियोजना के विकास के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने इस 116 एकड़ की टाउनशिप में पिछले साल दो परियोजनाएं शुरू की थीं और उन्हें करीब 12,800 करोड़ रुपये में पूरी तरह बेच दिया था। डीएलएफ देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

# अच्छी नौकरी के लिए इस प्रकार अपना प्रोफाइल तैयार करें

हर किसी युवा का सपना होता है कि उसे जल्दी से जल्दी नौकरी मिल जाए। खास करके अगर उनकी उम्र 20-25 साल हो। कुछ छात्र कॉलेज से निकलने के बाद भी संशय में होते हैं कि उन्हें क्या करना है।




अगर आप जल्दीन नौकरी करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

प्रोफाइल बनाएं- सबसे पहले बारी आती है मजबूत प्रोफाइल की और अच्छे प्लेटफॉर्म की।

अपने रिज्यूमे को अपडेट करें- अगर आप बेहतरीन नौकरी चाहते हैं तो अपने रिज्यूमे को लगातार अपडेट करना न भूलें। पुराना रिज्यूम किसी भी कंपनी को न भेजें। इंटर्नशिप करें- आपके लिए जितनी जल्दी संभव हो, इंटर्नशिप शुरू कर दें। सारे स्टूडेंट्स जानते हैं कि नौकरी पाने के लिए इंटर्नशिप करना कितना जरूरी है लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। आप चाहें तो कॉलेज की छुट्टियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। हो सकता है कि यह आपको अच्छी जॉब ही दिला दें।मेंटर जरूर खोजें- हमारे जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए हमें एक मेंटर की जरूरत होती है। एक ऐसा मेंटर जो आपको अच्छी तरह जानता हो और आप उसे बेहतर जानते हों। ज्यादातर भारतीय स्टूडेंट्स अपने माता-पिता को ही अपना मेंटर मानते हैं यह एक अच्छी बात है। मगर परिवार से हट कर भी आपका एक मेंटर होना चाहिए जो आपको कुछ करने के लिए उत्साहित करे। खासकर के आप जिस फील्ड में जाना चाहते हैं, उससे जुड़ा हुआ एक मेंटर जरूर खोजें।


प्रोफेशनल डेवलपमेंट ग्रुप ज्वॉइन करें- अपने कॉलेज के दिनों से ही प्रोफेशनल ग्रुप को ज्वॉइन करना शुरू कर दें। इसके लिए आप अपने कॉलेज के एल्यूमनाई से भी जुड़ सकते हैं। ऐसा करने से आपको पेशेवरों के बारे में जानकारी मिलेगी। यहीं से आप नेटवर्किंग भी शुरू कर सकते हैं। हो सकता है कि इन्हीं ग्रुप्स में से कोई आपको जॉब ऑफर कर दें।

# टूरिज्म कोर्स में बढ़ रही 12वीं के बाद छात्रों की दिलचस्पी

**टूरिज्म कोर्स**-अगर आपको घूमना पसंद है तो आप यह कोर्स कर सकते हैं जिसे करने के बाद आपको पैसे कमाने के साथ साथ घूमने का भी मौका मिलेगा। 12वीं के बाद होने वाले टूरिज्म कोर्स करने के बाद अच्छे पैसे कमा सकते हैं। देश में कई कॉलेज यह कोर्स करवा रही है और इसकी फीस भी कई प्रोफेशन कोर्स के मुकाबले कम है।

**इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्सेस**- अगर आपका सपना बचपन से ही इंजीनियर बनने का रहा है और आप कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहे हैं तो आप इंजीनियरिंग का डिप्लोमा भी कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप पॉलिटेक्नीक डिप्लोमा करके इंजीनियरिंग की फील्ड में अच्छा पैसा कमा सकते हैं। कंपनियां भी कुशल डिप्लोमाधारियों को हायर करने में ज्यादा रूचि दिखाती हैं। इसी के साथ इस कोर्स के बाद आप कई सरकारी नौकरियों के भी काबिल हो जाते है।

**होटल मैनेजमेंट** -12वीं के बाद होटल मैनेजमेंट कोर्स भी अच्छा विकल्प है और आजकल युवाओं में यह काफी लोकप्रिय भी हो रहा है। 12वीं के बाद इस कोर्स को करके आप देश और विदेशों के होटलों में नौकरी कर सकते हैं और अच्छा पैसा कमा सकते हैं।




**एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया**-- 12 वीं के बाद एनिमेशन और मल्टीमीडिया में कोर्स करके आप आप काम सीख सकते हैं। जिससे आप हजारों ही नहीं लाखों रुपये काम सकते हैं। अगर आप यह कोर्स कर लेते हैं और आप क्रिएटिव हैं तो बहुत पैसा कमा सकते हैं।**अन्य कोर्स** --इन कोर्स के अलावा आप कम्प्यूटर के कई कोर्स अकाउंटिंग कोर्स इंटीनियर डिजाइनिंग, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग जिम इंस्ट्रक्टर फूड मैनेजमेंट आदि कोर्स भी किए जा सकते हैं। इनमें दक्ष होने पर आप आसानी से करियर बना सकते हैं।

अगर आप कारोबार करना चाहते हैं पर आपके पास बजट कम है तो आप स्टार्ट.अप से अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। इसमें निवेश भी कम करना होगा और आप अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं। अगर आप इन बिजनेस में क्रिएटिव और मेहनत से काम करेंगे तो आप जल्द ही हर महीना लाखों रुपये कमा सकते हैं।

**इवेंट मैनेजमैंट** . आजकल इवेंट का काम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात ये है कि इसमें आपको किसी खास डिग्री की आवश्यकता नहीं है और आप क्रिएटिव तरीके से काम करके इसमें पैसा कमा सकते हैं। इवेंट में आप वेडिंग ऑफिशियल प्रोग्राम पार्टी आदि की अरेजमेंट कर सकते हैं और इसमें आपको निवेश नहीं करना होता सिर्फइवेंट की व्यवस्था करनी होती है। आप अच्छे संपर्क बनाकर इसमें पैसे कमा सकते हैं।

ऑटो गैराज. आपको सुनकर भले ही ये अजीब लगे लेकिन कई लोग इससे अच्छा पैसा कमा रहे हैं। यह गैराज किसी एक दुकान पर नहीं होगा बल्कि यह डिमांड पर कहीं जाएगा। मतलब आजकल गाड़ियों की संख्या अधिक हो गई और बीच रास्ते में गाड़ी खराब हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप ऐसे लोगों की मदद कर पैसे कमा सकते हैं।

**ड्राइविंग स्कूल** . देश में कारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ड्राइविंग सीखने वालों की संख्या भी बड़ी है। ऐसे में ड्राइविंग स्कूल चलाना भी एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। इस काम को करने के लिए शुरुआती तौर पर आपके पास सिर्फ एक कार होना जरूरी है। जिससे आप दूसरों को ड्राइविंग सिखा सकें।

होम बेस्ड फूड सर्विस. घर से बाहर दूसरे शहरों में रह रहे लोगों के लिए घर का खाना एक सपने जैसा होता है। इसलिए आप इन शहरों में टिफिन आदि का कारोबार करके आप कम इनवेस्ट में अधिक पैसे कमा सकते हैं। इसकी पब्लिसिटी के लिए आप सोशल मीडिया या किसी ऐप का सहारा ले सकते हैं।

क्लिनिंग सर्विस. इस क्लिनिंग सर्विस में आप कपड़ों से लेकर घरएगाड़ी आदि तक का काम कर सकते हैं क्योंकि लोगों के पास काम की व्यस्तता की वजह से यह सब काम करने का वक्त नहीं होता है। ऐसे में आप उनके लिए ऑनलाइन रुप से ये काम करके अच्छे पैसे कमा सकते हैं। विदेशों और मेट्रो सिटी में कई लोग इस तरह से कमाई कर रहे हैं। ट्रांसलेटर. यह एक फ्रीलांस काम की तरह है। इस काम को आप किसी बिजनेस या नौकरी के साथ भी कर सकते हैं। आप यह भाषाओं के लिए कर सकते हैं।

# परिचालन विस्तार के लिए अमेज़ोन दो हजार करोड़ का निवेश करेगी

ई कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। अमेजन अपने अपने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 2025 में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाली है।




इस संबंध में अमेजन ने एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है। इस बयान के मुताबिक निवेश से नेटवर्क विस्तार करने में मदद मिलेगी। ये उन्नयन में भी सहायक होगा। इस कदम से ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। इसके जरिए तकनीक और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। निवेश की घोषणा कंपनी ने ऐसे समय में की है जब भारत का ई-कॉमर्स बाजार तेजी से बढ़ रहा है। अब ब्रॉडबैंड की पहुंच, किफायती स्मार्टफोन, डिजिटल भुगतान, संपन्न और मध्यम वर्ग के परिवारों द्वारा बढ़ते खर्च, साथ ही मोबाइल-प्रथम, डिजिटल रूप से सक्रिय युवा आबादी से बढ़ावा मिल रहा है।

अमेजन और वॉलमार्ट की फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों के साथ-साथ छोटी ऑनलाइन कंपनियों ने हाल के वर्षों में देश में तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स बाजार में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अब भारत के ई-बिजनेस परिदृश्य को नया आकार दिया है। यह बाजार 21 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 2030 तक 325 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। अमेजन ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए यह नया निवेश परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को भारत भर में सभी सेवा योग्य पिन-कोडों तक डिलीवरी करने में मदद करेगा। अमेज़न इन निवेशों का लाभ उठाकर नई साइटें शुरू करने वाला है।

कंपनी के मुताबिक इस निवेश से प्रसंस्करण क्षमता में बढ़ोतरी होगी, पूर्ति की गति में सुधार होगा, तथा कंपनी के परिचालन नेटवर्क में दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से अमेज़न को भारत भर में ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय तरीके से सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। अमेज़न के परिचालन नेटवर्क में मौजूदा और नई दोनों इमारतों को ऊर्जा उपयोग को न्यूनतम करने के लिए प्रौद्योगिकी और कुशल भवन प्रणालियों के साथ डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि अमेज़न पूर्ति केंद्रों को विकलांग लोगों के लिए सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, कंपनी ने कहा कि यह शीतलन समाधान, सुरक्षा पहल और आराम क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि कल्याण और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और एक समावेशी कार्य वातावरण प्रदान किया जा सके।

बयान में कहा गया है कि ये रणनीतिक निवेश भारत में अपने परिचालन को मजबूत करने, विक्रेताओं और ग्राहक सुविधा को बढ़ाने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के विकास को बढ़ावा देने पर अमेज़न के फोकस को रेखांकित करते हैं। अमेज़न ने आगे कहा कि वह डिलीवरी सहयोगियों और साझेदारों को असुरक्षित गति के बारे में सचेत करने और आराम के लिए ब्रेक को प्रोत्साहित करने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सड़क पर सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास जारी रखे हुए है।




इसमें ऐसे उपकरणों में निवेश करना शामिल है जो मार्ग की जटिलता को मापते हैं और वितरण मार्गों का समतापूर्ण वितरण सुनिश्चित करते हैं, साथ ही प्रत्येक वितरण के लिए पर्याप्त समय भी देते हैं। अमेज़न ड्राइवर ऑनबोर्डिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहा है और बेहतर आय पारदर्शिता और अन्य जानकारी के लिए ड्राइवर ऐप को बेहतर बना रहा है। यह ऐप को अधिक स्व-निर्देशित बनाकर, असंरचित पतों के लिए नेविगेशन में सुधार करके, तथा फोटो और वीडियो-आधारित आइटम सत्यापन के साथ संज्ञानात्मक भार को कम करके डिलीवरी कार्यप्रवाह को भी सरल बना रहा है। कंपनी ने कहा कि वह अपने परिचालन नेटवर्क में कर्मचारियों और सहयोगियों के स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण में सुधार लाने के उद्देश्य से पहलों में निवेश और विस्तार जारी रखे हुए है।

इसमें आश्रय जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना शामिल है, जो डिलीवरी सहयोगियों के लिए समर्पित विश्राम स्थल प्रदान करता है, यहां तक कि अपने स्वयं के डिलीवरी नेटवर्क के बाहर के लोगों के लिए भी, बैठने की जगह, पानी, चार्जिंग स्टेशन और शौचालय की सुविधा प्रदान करता है; साथ ही समृद्धि, जो एक वित्तीय कल्याण कार्यक्रम है जो सहयोगियों और ड्राइवरों के लिए वित्तीय शिक्षा और व्यक्तिगत वित्त सहायता पर केंद्रित है। हाल ही में, अमेज़न ने 2025 के अंत तक चिकित्सा शिविरों के माध्यम से 80,000 से अधिक डिलीवरी सहयोगियों और भागीदारों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की। अमेज़न इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के उपाध्यक्ष (संचालन) अभिनव सिंह ने कहा, ये नवीनतम निवेश हमारे पूर्ति, सॉर्टेशन और डिलीवरी नेटवर्क में अपने परिचालन को निरंतर विस्तारित और उन्नत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सिंह ने कहा कि बुनियादी ढांचे की क्षमताओं को मजबूत करने, प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि करने और उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करने के जरिए, अमेज़न पूरे भारत में ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए खुद को तैयार कर रहा है, साथ ही कर्मचारियों, सहयोगियों और भागीदारों को समर्थन दे रहा है, जो इस सबका मूल हैं

# योग भारत की प्राचीनतम जीवन शैली और आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य उपहार : आरटीए गिरीश कुमार



**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर )** : आरटीए गिरीश कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम जीवन शैली और आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य उपहार है। आत्म संयम, संतुलन और चित्त की एकाग्रता से शुरू हुआ यह अभ्यास आज न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का माध्यम बन गया है। योग से स्वास्थ्य के साथ-साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। आरटीए गिरीश कुमार शुक्रवार को अतिरिक्त अनाज मंडी कैथल में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों आदि ने भाग लिया। आरटीए गिरीश कुमार ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पायलट रिहर्सल के दौरान जो भी जरूरतें नजर आई हैं, उन्हें पूरा किया जाए। हमें मिलकर योग के इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मानना है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण डॉ. एच.एस. हुड्डा योग विशेषज्ञ द्वारा करवाया गया। यौगिक अभ्यास में स्कंद संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध-चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, अर्ध-हलासन, पवनमुक्तासन, स्वासन, कपालभाति क्रिया, नाड़ी शोधन, प्राणायाम में अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम व भ्रामरी प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ। योग सहायक वीरेंद्र आर्य व कनिका ने इस अभ्यास में अहम भूमिका निभाई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शकुंतला दहिया ने कहा की 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से जिला स्तर के साथ-साथ खंड स्तर पर मनाया जाएगा। जिला स्तर कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वहीं पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा, कलायत में सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, गुहला एवं राजौंद में उपमंडल अधिकारी, सीवन में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, ढांड में तहसीलदार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस दिवस पर शामिल होकर योग क्रियाएं करें ताकि उनका शरीर स्वस्थ रहे। इस मौके पर डीआरओ चंद्र प्रकाश, सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, डीडीए डॉ. बाबू लाल, डीएचओ हीरा लाल, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी मनोज बांबू के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का डंका पूरे विश्व में बजाया : डॉ. इन्द्र





**निसिंग, 20 जून ( जोगिंद्र सिंह )** : निगदू मंडल में अनुसूचित मोर्चा के द्वारा निगदू में 11 साल संकल्प से सिद्धि विकसित भारत प्रोग्राम के तहत गुरु रविदास मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा देस राज और मुख्य वक्ता के रूप में डा इंदर माहला जिला सचिव एससी मोर्चा ने की। डा माहला ने देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों के बारे में समाज के लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मोदी सरकार अंत्योदय योजना के तहत काम कर रही है। मोदी सरकार ने देश का डंका पूरे विश्व में बजाया है और देश की आज विश्व में चौथे नंबर पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विकसित देश बनने जा रहा है और इस विकसित भारत बनाने में देश के हर नागरिक का योगदान होना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा भरथू राम, रिन्टु वाल्मीकि, रवि कुमार, सतपाल नम्बरदार सरपंच प्रतिनिधि छत्रपाल, मुकेश कुमार राजू मदन सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग एपिक के वितरण में ओर तेजी लाएगा

**फतेहाबाद, 20 जून ( ब्यूरो )** : निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान-पत्र (एपिक) का तेजी से वितरण सुनिश्चित करने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने एक नई मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) प्रारंभ की है, जिससे निर्वाचक नामावली में किए गए किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर एपिक का वितरण संभव हो सकेगा, जिसमें किसी निर्वाचक का नया नामांकन या मौजूदा निर्वाचक के विवरण में किया गया कोई भी बदलाव शामिल रहेगा। भारत चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल निर्वाचकों की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है जिनकी परिकल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर की गई है। उन्होंने बताया कि अपने सभी निर्वाचकों को त्वरित और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करना आयोग का मुख्य फोकस क्षेत्र है। यह स्मरणीय है कि पिछले चार महीनों में, आयोग ने निर्वाचकों और अन्य हितधारकों के लाभ के लिए अनेक पहलें की हैं। यह नई प्रणाली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा एपिक तैयार करने से लेकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से निर्वाचक को एपिक के वितरण तक प्रत्येक चरण की तत्क्षण (रियल टाइम) ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। निर्वाचकों को प्रत्येक चरण में एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं भी प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें अपने एपिक की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए आयोग ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआई-नेट प्लेटफॉर्म पर एक प्रतिबद्ध (डेडिकेटिड) आईटी मॉड्यूल पेश किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा सिस्टम को नए सिरे से तैयार करके और वर्कफ्लो को सुव्यवस्थित करके मौजूदा प्रक्रिया का स्थान लेगा। निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) को ईसीआई-नेट के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा की सुरक्षा कायम रखते हुए सेवा वितरण को उन्नत बनाना है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपमंडल स्तरीय समारोह आज



**घरौंड़ा, 20 जून ( नरेंद्र लाठर )** : आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए शुक्रवार को नई अनाज मंडी घरौंडा में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अनुराधा, अजय कुमार और प्रियंका चौहान ने लगभग 400 योग साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को निशुल्क अमरूद, नीम, गुड़हल तथा जामुन के फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस मौके पर आयुर्वेदिक अधिकारी डा. धर्मबीर ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार, 21 जून को प्रात: 6 बजे उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी घरौंडा के प्रांगण में भव्य ढंग से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा योग संस्थान व शिक्षण संस्थाओं के बच्चे शामिल रहेंगे तथा योग दिवस समारोह में भाग लेने वाले सभी योग साधकों के लिए स्वच्छ पेयजल, रिफ्रेशमेंट तथा अस्थायी शौचालयों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड की अध्यापिका नीलम ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर बीईओ रविंद्र कुमार, आर्य दिलबाग लाठर, डॉ. प्रीती कम्बोज, डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ अनुज धीमान, डॉ रितु आर्य, अमित लाठर, रविंद्र बंसल, सुभाष आर्य, राकेश आर्य, आयुष विभाग के डॉ. विनोद, राजेंद्र, विपिन, सोनिया, अशोक, संगीता तथा सूर्य प्रकाश उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में पर्यावरण में परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम आयोजित




**निसिंग, 20 जून ( जोगिंद्र सिंह )** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-9 में योग से पर्यावरण में परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पानीपत से भारत भूषण डायरेक्टर ज्ञान मानसरोवर साइंटिस्ट इंजीनियरिंग विंग के नेशनल कोऑर्डिनेटर ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहज राजयोग ही वातावरण को शुद्ध कर सकता है। इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाया जाए। सभा में उपस्थित सभी भाई बहनों ने हाथ उठाकर इस संकल्प की पुष्टि की। इस संस्था को पर्यावरण सुरक्षा के लिए कई विशेष अवार्ड भी मिले है। आज वह समय आ गया है जब सभी ब्रह्माकुमारी संस्था पर्यावरण को बचाने के लिए प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सांस लेने व छोड़ने की एक्सरसाइज भी कराई। जिससे स्पष्ट हुआ कि हम कितनी कार्बन डाइऑक्साइड छोड़कर वायुमंडल को प्रदूषित करते हैं। इसके मानसिक प्रदूषण से मुक्त होने के उपाय भी बताएं। इसके लिए तीन पी एक्सरसाइज भी कराई गई। पहेली पी थिंक पॉजिटिव, डू पॉजिटिव, दूसरा पी पॉलिथीन मुक्त भारत। तीसरा पी प्रैक्टिस प्रैक्टिस और प्रैक्टिस। जितना जितना हम ध्यान लगाते हैं या योग लगते हैं इससे वातावरण शुद्ध होता जाता है। इसके अतिरिक्त एसपी चौहान जी ने आज के वातावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा की विश्व में युद्ध के बाद बादल मंडरा रहे हैं, इसलिए ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सिखाया गया राजयोग बहुत आवश्यक है ।सतीश गुप्ता ने कहा की अपने घर के सामने मैंने एक पार्क डेवलप करवाई है जिसमें बहुत सारे पेड़ और पौधे लगाए हुए हैं, जो प्रकृति को शुद्ध करते हैं। निर्मल दीदी ने कहा पर्यावरण मन के विचारों से ही वातावरण शुद्ध और अशुद्ध होता है।

इसीलिए एक दिन प्रोग्राम से वातावरण शुद्ध नहीं होगा। इसके लिए हमें हर रोज मेडिटेशन करके वातावरण को पॉजिटिव तरंगों से भरना होगा। निर्मल दीदी ने मेडिटेशन कराया जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों को, हर मनुष्य आत्मा, अपने शरीर को और पूरे विश्व ग्लोब की आत्माओं को, शक्तिशाली प्रकंपन देकर यह शुभकामना की कि सभी संपूर्ण स्वस्थ रहें, सभी के मन स्वस्थ रहें। तन स्वस्थ रहें सोच सकारात्मक रहे।

दीप प्रज्जवलित कर विश्व शांति के लिए और अभी-अभी विश्व में घटी घटनाओं को देखते हुए ओर जो चारों ओर युद्ध का माहौल है, इसमें विश्व शांति की भावना के लिए, विश्व शांति की ज्योत के दीपक जलाए गए। कशिक मान पूर्व इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड समय-समय पर अपने ऑफिस में अनेक जगह पर पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्रयासरत रहे। डॉक्टर राधेश्याम शर्मा ने कहा कि मैंने हिसार यूनिवर्सिटी में बहुत सारे पौधे लगाए हैं, यह पौधे हमें प्राण ऊर्जा देते हैं, हमारे जीवन को ऑक्सीजन देते हैं, जिससे हमारा जीवन स्वस्थ और दीर्घायु बनता है।

इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ अपने आने वाली पीढ़ी के लिए लगाने चाहिए। और अपनी अपनी क्लास में टॉपर आए बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी सफलता के लिए छोटे बच्चों का उमंग उत्साह बढ़ाया गया। और प्रोग्राम के अंत में औषधि तुलसी का का पौधा लगाकर इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

इसी बीच घीड गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आए हुए, बच्चों ने भी अपनी डांस की प्रस्तुति थी। इस प्रोग्राम में बीके मधु, पूजा और सतपाल कल्याण, सुभाष एसडीओ, राय सिंह, बहादुर भाई और संजय सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे।

# भारतीय योग संस्थान करनाल और नीमा की ओर से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**करनाल, 20 जून ( सोनी दुआ )** : पंचमुखी हनुमान मंदिर बैंक कालोनी में भारतीय योग संस्थान करनाल और नीमा करनाल की ओर से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। नीमा से जुड़े डॉक्टर परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास करने पहुंचे। योग को उत्तम स्वास्थ्य का सर्वोत्तम साधन बताते हुए डॉक्टरों ने सभी लोगों से आह्वान किया कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस मौके पर डा. टीआर मनोचा ने योग क्रियाओं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग तन और मन दोनों को मजबूत करता है। दृढ़ संकल्प के साथ योग क्रियाओं का अभ्यास किया जाए तो बेहतर परिणाम मिलते हैं। इस अवसर पर नीमा के प्रधान डा. राजिंद्र गुप्ता ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। कल 200 से ज्यादा देश भारत की प्राचीनतम पद्धति योग का अभ्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। योग करने से डिप्रेशन भी कम होता है। इस अवसर पर प्रधान डा. राजिंद्र गुप्ता, डा. दिनेश गोयल, डा. मनोज विरमानी, डा. राजीव कांबोज, डा. सौरभ सचदेवा, डा. मुकेश तनेजा, डा. टीआर मनोचा, डा. प्रतिभा, विनीता गुप्ता, प्रवीण, संगीता, सोनिया, पूजा, रीना व युक्ता मौजूद रहे।

# राघव ज्वेलर्स से 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने से प्रदेश के व्यापारियों में भय : बजरंग गर्ग

*हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा फिरौती, लूटपाट, हत्या, मंथली व चोरियों की वारदातें की जा रही है*



**हिसार, 20 जून ( मनमोहन शर्मा )** : राघव ज्वेलर्स खजांची बाजार में अपराधियों द्वारा 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि पुलिस प्रशासन को फिरौती मांगने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। बजरंग गर्ग अपने साथियों सहित पीड़ित व्यापारी से मिले और व्यापारियों की मीटिंग लेते हुए कहा कि अपराधियों द्वारा राघव ज्वेलर्स के पर्ची फेक कर 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने से प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा फिरौती, लूटपाट, हत्या, मंथली व चोरियों की वारदातें की जा रही है। हरियाणा में खुलेआम अपराधी जेलों में बैठकर फिरौती व मंथली मांग रहे है। सरकार को अपराधियों का पक्का ईलाज करने की जरूरत है। अपराधी अपराधी होता है अपराधी किसी का रिश्तेदार नहीं होता है, उसका तो अपराध करने से पहले ईलाज करने की जरूरत है ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में अपराध करने की हिम्मत ना कर सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि जेल में कोई भी अपराधी फोन करके फिरौती मांगने या गैंग चलाएं उसके लिए सरकार को जेल प्रशासन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बिना जेल प्रशासन के मिली भक्ति से अपराधी जेल में मोबाइल नहीं रख सकता है।

जेल में मोबाइल आने का मतलब जेल प्रशासन की मिली भक्ति से अपराध हो रहे है। बजरंग गर्ग ने सरकार से मांग की है कि व्यापारी व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा का पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करें। इस अवसर पर स्वर्ग कार संघ के जिला प्रधान रामनिवास सोनी, व्यापारी नेता चंद्राराम गुरी, युवा प्रधान राजन सोनी, महासचिव नारायण दास, सुंदर सोनी, ओम प्रकाश सोनी, प्रकाश बुटन, कपिल सोनी, चंदन सोनी, गौरव सोनी, संदीप सोनी, देवेंद्र लावट, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सहसचिव निरंजन गोयल, प्रदेश युवा प्रभारी राहुल गर्ग, युवा नेता अमन शर्मा, नितिन सोनी आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

# ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने जीती सढ़ूरा में ट्रॉफी



**लाडवा, 20 जून ( रामगोपाल )** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से चल रही ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने सढ़ूरा गाँव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। क्रिकेट कोच विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब साढ़ूरा कि तरफ से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 3 लीग मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया और सेमी फाइनल मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया जो फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब साढ़ूरा व ग्लोब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया जिसे ग्लोब क्रिकेट टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। फाइनल मैच में आर्यन ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ़ द मैच ख़िताब हासिल किया। अंश सैनी ने 70 रन बनाये और अर्णव कम्बोज ने 35 रन बनाये व दो विकेट हासिल किये। जश्न कम्बोज ने मैन ऑफ़ द सीरीज का खिताब हासिल किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने विजेता टीम को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चे के लिए पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ना वर्तमान समय की मांग है इसलिए स्कूल की तरफ से इस तरह की बहुत सुविधाएँ बच्चों को प्रदान की जा रही हैं और ये सभी गतिविधिया एकाग्रता बढ़ाने के लिए अति आवश्यक हैं जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि एकाग्रता सफलता की सर्वोत्तम कुंजी है। विजेता टीम में अंश, जश्न कम्बोज, अर्णव कम्बोज, अविरल, रुद्रवीर शर्मा, जयंतवीर ढाडा, शौर्य शर्मा, आरव, अर्णव ढांडा, ध्रुव, अभिषेक व राघव शामिल रहे।

# कुरूक्षेत्र भूमि के 48 कोस के तीर्थों की भूमि के कण-कण में छुपा हुआ है गौरवशाली इतिहास : उपेंद्र सिंघल

*बालू गांव में कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की टीम ने किया पृथ्वी तीर्थ का दौरा*



**चिडाव, 20 जून ( प्रवीन कुमार )** : खंड के गांव बालू में पृथ्वी तीर्थ पर चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की टीम ने दौरा किया। जिसमें कमेटी प्रधान प्रदीप पंचाल ,भाजपा नेता अमनदीप शर्मा की अध्यक्षता में कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल के नेतृत्व में डा. ऋषि पाल मदाना, डा. अशोक रोसा ने तीर्थ पर पहुंच शांति गिरी महाराज के साथ पृथ्वी तीर्थ पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं का अवलोकन किया। मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बताया कि कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के अंतर्गत आने वाले 182 तीर्थों पर विकास कार्य चला हुआ है। जिसमें टीम ने शुक्रवार को गांव बालू, हथलाना,ओंगद, कोयर के तीर्थों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बताया कि कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी 48 कोस तीर्थों स्थलों का सुंदरीकरण करवा प्रदेश को एक पर्यटन हब बनाने में लगे हुए है। हरियाणा में पर्यटन की दृष्टि से बेतरीन कार्य किए जा रहे हैं। कुरूक्षेत्र भूमि के 48 कोस के तीर्थों की भूमि के कण कण में गौरवशाली इतिहास छिपा हुआ है। इसलिए प्रदेश सरकार दुनिया भर के पर्यटकों को 48 कोस के तीर्थों के दर्शन करवाने के लिए एक परिक्रमा तैयार करवाने के लिए इन तीर्थों का विकास करवाया जा रहा है। प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के साथ प्रदेशभर में विकास कार्य करवाने में लगे हुए है। जिससे भाजपा नेता अमनदीप शर्मा ने बताया कि कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की 48 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में स्थित गांव स्थित पृथ्वी तीर्थ का धार्मिक महत्व महाभारत में वर्णित है। यहां कहा जाता है कि इस तीर्थ के दर्शन करने से एक हजार गायों के दान का पुण्य मिलता है। वामन पुराण में भी इस तीर्थ के धार्मिक महत्व का स्पष्ट उल्लेख है और कहा गया है कि इस तीर्थ के पवित्र जल में स्नान करने से पृथ्वी पर किए गए सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। लोकप्रिय मान्यता यह भी है कि यह रामायण महाकाव्य के रचयिता ऋषि वाल्मीकि की तपस्थली है। इस मौके पर भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश सह सचिव राजकुमार भार्गव ओंगद, बहलोलपुर गौशाला प्रधान जयनारायण गोयल, पूर्व पंच रमेश मंजूरा, सरपंच सुशीन शर्मा, विजय पाल शर्मा, रघुवीर शर्मा, रामकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, विक्रम शर्मा, गोल्डी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मंडी सैनियान से महिला विरुद्ध मामले में उद्धघोषित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हांसी, 20 जून ( मनमोहन शर्मा )** : जिला भर में उद्धघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने महिला विरुध मामलें उद्धघोषित अपराधी जयभगवान पुत्र तेजभान निवासी मंडी सैनियान को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार माननीय अदालत ने आरोपी को महिला थाना के महिला विरूद्ध मामले में उद्धघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। थाना शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सुनी शिकायतें, 15 का समाधान, 6 परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के दिए निर्देश




**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक जिला सचिवालय के सभागार कमरा नम्बर 203 में सम्पन्न हुई। बैठक में पहले से निर्धारित 21 परिवाद रखे गए, जिनमें से कैबिनेट मंत्री ने 15 परिवादों को मौके पर ही समाधान करके फाइल कर दिया तथा शेष 6 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए. कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिन 15 परिवादों का मौके पर ही निपटान करके फाइल करने के निर्देश दिए, जिनमें परिवाद नम्बर-2 में महेन्द्र कुमार सरपंच लाहड़पुर, परिवाद नम्बर-3 में अनिल गर्ग हरि प्लाईवुड खारवन रोड़ जगाधरी, परिवाद नम्बर-7 में जतिन्द्र कौर गांव मखौर बिलासपुर, परिवाद नम्बर-8 में रविन्द्र सिंह तारापुरी कॉलोनी यमुनानगर, परिवाद नम्बर-10 में रजनी गौरी भगत सिंह कॉलोनी रादौर, परिवाद नम्बर-11 में महावीर गांव जयधर, परिवाद नम्बर-12 में सतपाल गांव रसूलपुर खंड सढौरा, परिवाद नम्बर-13 में नोमित कुमार गांव फतेहपुर जगाधरी, परिवाद नम्बर-14 में अशोक मल्होत्रा प्रोफेसर कॉलोनी यमुनानगर, परिवाद नम्बर-15 में सुनील शर्मा प्रतापनगर यमुनानगर, परिवाद नम्बर-16 में रामनाथ गांव मेहर माजरा जगाधरी, परिवाद नम्बर-17 में इरशाद गांव देवधर, परिवाद नम्बर-19 में इरशाद गांव मानीपुर छछरौली, परिवाद नम्बर-20 में ऋषिपाल गांव नगली बिलासपुर, परिवाद नम्बर-21 में पृथ्वी सिंह गांव संधाला रादौर ने शिकायत की थी, जिनकी सुनवाई के उपरांत संबंधित विभागों द्वारा उक्त परिवादों के निपटान हेतु की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के बाद हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने उक्त परिवादों को फाईल करने के निर्देश दिए। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद नम्बर-1 में कर्ण कुमार निवासी गांव हुडिया सरस्वतीनगर ने गलत निशानदेही किए जाने शिकायत बारे, परिवाद नम्बर-4 में ऋषि पाल सरपंच गांव सलेमपुर सढौरा ने सडक़ से कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी, कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ सढौरा को कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर-5 में गुरचरण सिंह संतपुरा रोड़ यमुनानगर ने शिकायत रखी कैबिनेट मंत्री ने इसकी जांच करवाने के निर्देश दिए। इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर-6 में गोपी शिवपुरी आईटीआई यमुनानगर ने शिकायत रखी, परिवाद नम्बर-9 में अमन सिंगला जगाधरी ने उनके साथ फ्रॉड होने की शिकायत रखी जिस पर कैबिनेट मंत्री ने एसपी को एसआईटी बनाकर जांच करवाने के निर्देश दिए। इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर-18 में मोहन लाल गांव सिली खुर्द रादौर ने मुस्तरका भूमि से मिट्टी खनन करने बारे शिकायत रखी जिस पर कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम रादौर व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य धनपत सैनी व बतरा को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए तथा इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता, आयुक्त नगर निगम अखिल पिलानी, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, नगर निगम की मेयर श्रीमती सुमन बहमनी, सढौरा की विधायक रेणु बाला, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सिंगला, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बीडीपीओ कार्यालय के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी, मालिक खाली हाथ लौटा

**रायपुररानी,20 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी स्थित बीडीपीओ कार्यालय परिसर में एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस प्राथमिकी के अनुसार, रायपुररानी निवासी जितेन्द्र नाथ शर्मा पुत्र अमर नाथ शर्मा ने शिकायत में बताया कि वह 19 जून को दोपहर करीब 2:15 बजे अपनी मोटरसाइकिल नंबर HR-03 M-1982से किसी निजी कार्य के सिलसिले में बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने अपनी काले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल को कार्यालय गेट के पास ताला लगाकर खड़ा किया था। करीब 30 मिनट बाद जब वे वापिस लौटे, तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। उन्होंने आसपास के क्षेत्र में मोटरसाइकिल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मोटरसाइकिल न मिलने पर शर्मा ने तत्काल रायपुररानी थाना पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। वहीं, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर रानी में भाजपा संगोष्ठी आयोजित

**– विकास कार्यों पर डाली गई रोशनी**

**रायपुर रानी, 20 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुर रानी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11



वर्षों के नेतृत्व की उपलब्धियों और जनहित में किए गए कार्यों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि हर जरूरतमंद को छत देना, हर घर में गैस कनेक्शन सुनिश्चित करना, किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा देना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। संगोष्ठी के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए विकास की इसी गति को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरपंच, पंच, चेयरमैन, जिला परिषद सदस्य और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह की रोकथाम और पुनर्वास हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश

**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ):** सोसायटी ऑफ इनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन बनाम भारत संघ वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने बाल विवाह से पीड़ित बच्चों की रोकथाम, संरक्षण और पुनर्वास को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्णय के भाग नौ में न्यायालय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया कि वह एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करें, जिसमें पीड़ितों को दी जाने वाली विधिक सहायता तथा दीर्घकालिक पुनर्वास की विस्तृत रूपरेखा हो। यह प्रक्रिया अधिवक्ताओं, कानून प्रवर्तन अधिकारियों तथा बाल संरक्षण से जुड़े सभी हितधारकों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करेगी। इन निर्देशों के पालन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह की रोकथाम, संरक्षण और पुनर्वास के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। यह प्रक्रिया विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करती है और सभी संबंधित पक्षों की साझी भागीदारी को सुनिश्चित करती है, जिससे बाल विवाह के विरुद्ध एक संगठित और प्रभावी कार्यवाही संभव हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिसार के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा एक विशेष इकाई का गठन किया गया है, जिसका नाम आशा (जागरूकता, सहयोग, सहायता और कार्रवाई) रखा गया है। इस इकाई में परिवार न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अधिवक्ताओं का पैनल, पैरा विधिक स्वयंसेवक, बाल कल्याण समिति के सदस्य, पुलिस संपर्क अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित हितधारक शामिल हैं। आशा इकाई की प्रमुख भूमिकाओं में बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करना, पीड़ित बच्चों को विधिक सहायता और मानसिक सहयोग उपलब्ध कराना, बचाव एवं सुरक्षा कार्यों में समन्वय स्थापित करना, पीड़ितों के पुनर्वास और सामाजिक पुनः एकीकरण में सहायता प्रदान करना, तथा उन बच्चों की पहचान करना और उन्हें सहयोग देना शामिल है, जिन्हें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत पालन-पोषण आधारित देखभाल में शामिल किया जा सकता है। आशा इकाई के गठन के पश्चात यह निरंतर रूप से आमजन को विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी देने का कार्य कर रही है। इस कार्य में गैर-सरकारी संस्था शक्ति वाहिनी भी पूर्ण सहयोग कर रही है, जो विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रही है। आशा इकाई जिन प्रमुख सेवाओं की जानकारी जनता तक पहुँचा रही है, उनमें संकट में बच्चों की सहायता हेतु 1098 बाल सहायता सेवा, बाल विवाह दर्ज कराने एवं शिकायत हेतु बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल, तथा विधिक सहायता हेतु 15100 परामर्श सेवा शामिल हैं। बाल विवाह की रोकथाम, संरक्षण और पुनर्वास हेतु तैयार की गई यह मानक संचालन प्रक्रिया और आशा इकाई का समन्वित ढांचा एक संगठित, संवेदनशील और प्रभावशाली पहल है, जो बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## मंडलायें गांव में चला मलेरिया रोकथाम अभियान, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की सोर्स रिडक्शन की व्यापक कार्रवाई



**रायपुररानी, 20 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** गांव मंडलायें में मलेरिया जैसी घातक बीमारी की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक संगठित अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सीएचसी रायपुररानी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल ने किया। डॉ. गोयल की अध्यक्षता में गठित विशेष टीम ने गांव में घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन गतिविधियां संचालित कीं। इस दौरान टीम ने उन सभी स्थानों की पहचान की, जहां पानी जमा होने की संभावना रहती है और मच्छरों के प्रजनन की आशंका होती है। जिन घरों में मच्छरजनित बीमारियों के लक्षण पाए गए, वहां नोटिस जारी कर आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, गांव में कुल 9 ग्रुप मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिनमें ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपाय समझाए गए और पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का प्रयोग करें और घर के आसपास पानी एकत्र न होने दें। यदि कहीं पानी जमा हो गया हो तो उसमें मिट्टी का तेल या काला तेल डालें अथवा उसे मिट्टी से भर दें। वहीं, बुखार की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने को कहा गया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव प्रजापति, स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, प्रेम चंद, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनील कुमार, विनोद कुमार सहित सभी डीबीसी कर्मचारी मौजूद रहे

## प्रार्थियों की समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी ढंग से समाधान करने को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**अंबाला, 20 जून ( रवि पाहुजा ) :** अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल ने कहा कि समाधान शिविर की जो भी शिकायतें लम्बित है उनका जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। भरसक प्रयास रहें कि प्रार्थियों की शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निपटान किया जाएं। यदि किसी कारणवंश कोई समस्या का तत्काल समाधान नही हो पाता है तो उसे भी समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविरों को लेकर संबंधित विभागो के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहें थे। इससे पहलें चण्डीगढ से विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों में आमजन की शिकायतों व उनके प्रभावी ढंग से समाधान करने को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीसी मे जिलेंवार समाधान शिविर से जूडे बिंदुओ पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अवगत करवाते हुए बताया कि अंबाला मे आयोजित समाधान शिविर मे शिकायतकर्ताओ द्वारा अभी तक कुल 4322 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 4045 शिकायतों का समाधान कर उनका निपटान कर दिया गया है। इनमें कई विभागों से संबंधी कुल 84 शिकायतें लम्बित है जिनमें 105 रिओपन शिकायतें व 84 रिजेक्टेड में शामिल है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी लम्बित शिकायतें है उन्हें संबंधित विभागों द्वारा जल्द निपटान सुनिश्चित करवाया जाएगा और वीसी मे जो दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है, उनकी अनुपालना के तहत आम नागरिकों की समस्याओं के निदान हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जाऐंगे। अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल ने जिलास्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से समाधान शिविरों में किस विभाग से संबंधी अधिक शिकायतें आ रही है, लम्बित शिकायतों बारें व इससे जूडे अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार व उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे आमजन मानस की समस्याओं का त्वरित समाधान करने को लेकर जिलें मे समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जाते है, जिनमें आम नागरिकों की समस्याओं का एक जगह बैठकर प्राथमिकता से समाधान किया जाता है। इस मौके नगराधीश अभिषेक गर्ग, संयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनित, डीएसपी विजय कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा के साथ-साथ अन्य विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## 15 वर्षीय किशोरी लापता, पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया

**रायपुररानी,20 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी थाना क्षेत्र के मानकटबरा गांव स्थित अल्पायन पोल्ट्री फार्म से 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने थाना रायपुररानी में शिकायत दी है कि उनकी बेटी 16 जून की रात करीब 9 बजे बिना किसी को बताए घर से बाहर चली गई, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। हालांकि परिजन पहले खुद उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद 18 जून को लापता लड़की की मां ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामल दर्ज कर गुमशुदा किशोरी की खोज शुरू कर दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महावीर स्टेडियम में पायलट रिहर्सल आयोजित



**हिसार, 20 जून ( मनमोहन शर्मा ):** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महावीर स्टेडियम में शुक्रवार को प्रात: 5 बजे पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान योग से जुड़ी विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने पायलट रिहर्सल के दौरान 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बढ़ते तनाव के बीच योग एक प्रभावी माध्यम है जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत और स्थिर बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं और अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि 21 जून को राज्य स्तर पर कुरुक्षेत्र जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होने जा रहा है। जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है, जो हमें विरासत में मिली है। योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा हम सबको अपनी दिनचर्या का आरंभ योग से ही करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को प्रात: कुछ समय योग के लिए निकालना चाहिए ताकि वे अपने शरीर व मन को तंदुरुस्त बनाए रख सकें। योग प्रशिक्षक सुनील कक्कड़ के मार्गदर्शन में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित अधिकारी/कर्मचारियों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों ने योग क्रियाएं की। इस अवसर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया, जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी, योग विशेषज्ञा डॉ पूजा, लक्ष्मण श्योराण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा नो टू प्लास्टिक स्वच्छता रैली का आयोजन मिशन लाइफ के अंतर्गत




**यमुनानगर, 20 जून ( संजीव कुमार ):** गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर द्वारा मिशन लाइफ(लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के अंतर्गत प्लास्टिक का बहिष्कार करें। विषय पर आधारित स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता फैलाना था। एनसीसी कैडेट्स की उत्साही भागीदारी ने इस रैली को प्रभावशाली और जीवंत बना दिया। उन्होंने नारे लगाकर और स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त जीवन के संदेश वाली तख्तियों को प्रदर्शित कर आमजन को जागरूक किया। यह रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर यमुनानगर शहर के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुज़री, जिससे आम लोगों का ध्यान पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने की ओर आकर्षित हुआ। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतीमा शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मिशन लाइफ हमारे देश की एक सराहनीय पहल है, जो व्यक्तियों में सतत जीवन के लिए व्यवहार परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। शिक्षकों और छात्रों के रूप में हमारा दायित्व है कि हम उदाहरण प्रस्तुत करें। यह रैली स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. लेफ्टिनेंट जोशप्रीत सिंह, एनसीसी प्रभारी ने युवाओं की पर्यावरणीय विषयों में सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे कैडेट्स केवल राष्ट्रीय सेवा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व को भी बखूबी निभा रहे हैं। डॉ. अरुण ने भी रैली में भाग लिया और छात्रों को अपने जीवन में सतत विकल्प अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com